सोना-67,505
चांदी- 77,300
तिथि-फाल्गुन, शुक्ल, अष्टमी
शेयर मार्केट- 72,643
निफ्टी- 22,023
अधिकतम -31 °c
न्यूनतम -14 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com वर्ष - 20 अंक-116 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 लखनऊ, रविवार 17 मार्च, 2024 पृष्ठ-8 मूल्य : दो रुपये

विकसित भारत के लिए उत्तर प्रदेश का विकास जरूरी : योगी

मुख्यमंत्री ने रामपुर में 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को दिये डेमो चेक प्रमाण पत्र और सम्मान पत्र**
- **मोदी ने देशवासियों में एक नया विश्वास भरा, दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनपद रामपुर में 610 करोड़ रुपये लागत की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक, प्रमाण पत्र तथा सम्मान पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में जनपद रामपुर की उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देशवासियों में एक नया विश्वास भरा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। जब प्रधानमंत्री जी एवं देशवासी दुनिया में कहीं भी जाते हैं, तो दुनिया उनका बहुत सम्मान करती है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। देश से नक्सलवाद, उग्रवाद तथा आतंकवाद समाप्त हो गया है। हाईवे, रेलवे, वॉटरवे तथा एयरपोर्ट के निर्माण सहित इन्फ्रास्ट्रक्चर के बड़े कार्य हो रहे हैं। एम्स, आईआईटी, आईआईएम, 4-लेन, 6-लेन, 12-लेन के हाईवे, मेट्रो, रैपिड रेल तथा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के कार्य देश की नई पहचान बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में एक ओर विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से विकास हो रहा है, तो दूसरी ओर गरीब कल्याण के कार्य भी किए जा रहे हैं। देश में 4 करोड़ गरीबों को मकान उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश में 56 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। देश में 80 करोड़ लोग निःशुल्क राशन की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन की सुविधा मिल रही है। उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ गरीबों सहित देश में 50 करोड़ गरीबां को 05 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रयास से जनपद रामपुर नई पहचान बना रहा है। रामपुर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से स्ट्रीट वेण्डर्स के व्यवस्थित पुनर्वास का मॉडल दिया है। रामपुर की पहचान चाकू से है। हमारी सरकार ने इस चाकू का प्रयोग सबको सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया है। यहां के वॉयलिन के माध्यम से रामपुर संगीत घराने की पहचान को पुनर्जीवित करने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में रामपुरवासियों को आज 610 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार दिया जा रहा है। रामपुर में बाईपास तथा रिंगरोड के कार्यों का शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सन्त शिरोमणी श्री रविदास जी ने कहा था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा उन्होंने उस काल खण्ड में कर्म की साधना को महत्व दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि मन के जीते जीत है, मन के हारे हार। संत रविदास जी की यह उक्तियां आज भी हमारे लिए उतनी ही सार्थक है। जनप्रतिनिधियों की मांग पर रामपुर के सर्किट हाउस का नाम संत शिरोमणि श्री रविदास जी के नाम पर रखा गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से विकसित भारत का संकल्प लेने का आह्वान किया है। विकसित भारत में सभी के जीवन में खुशहाली होगी। विकसित भारत में हर हाथ को काम तथा हर खेत को पानी मिलेगा। सभी व्यापारियों का व्यापार ब?ता हुआ दिखाई देगा। भारत दुनिया में नई ताकत के रूप उभरेगा। विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में किए गए कार्यों का परिणाम है कि भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। प्रधानमंत्री जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश आवश्यक है और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित रामपुर आवश्यक है। विकसित रामपुर के लिए रिंगरोड, एयरपोर्ट, पॉलीटेक्निक, आईआईटी, यूनिटी मॉल, प्रगति मॉल, चीनी मिल के पुनरूद्धार के कार्य हो रहे हैं। यहां सरस मेला के लिए हाट बनाए जा रहे हैं। यह सभी रामपुर की नई पहचान को आगे बढ़ा रहे हैं। सभी देशवासियों के संकल्प से भारत विकसित होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है। यहां पर नो कर्फ्यू, नो दंगा, यू0पी0 में सब चंगा। प्रदेश में सभी पर्व एंव त्यौहार शान्तिपूर्ण तरीके से मनाए जा रहे हैं। हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से पर्व एवं त्योहार मनाने के लिए स्वतंत्र है। यहां बेटियां और व्यापारी सुरक्षित है। हमारे अन्नदाता किसानों को नलकूप के माध्यम से सिंचाई के लिए निःशुल्क विद्युत हेतु इस वर्ष के बजट में 2,600 करो? रुपये की व्यवस्था की गयी है। पी0एम0 किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी किसानों को प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में 23 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। गन्ना किसानों को समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान करने तथा किसानों को उनकी उपज का अधिक दाम दिलाने के लिए सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नौजवानों के लिए रोजगार की व्यवस्था हो रही है। प्रधानमंत्री जी ने 19 फरवरी को 10.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को जमीनी धरातल पर उतारने के कार्यां का शिलान्यास किया है। इससे लगभग 35 लाख नौजवानों को नौकरी मिलेगी। अब हमारे नौजवान नौकरी एवं रोजगार के लिए कहीं बाहर नहीं जाएंगे, उन्हें अपने गांव, जनपद तथा प्रदेश में ही नौकरी मिलेगी। जब यह युवा अपनी प्रतिभा का लाभ प्रदेश को देगा तो हमारा राज्य विकास की नयी बुलन्दियों को छुएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन प्रतिबद्धता से कर रही है। जनप्रतिनिधि जनता की सेवा के लिए तत्पर होकर कार्य कर रहे हैं। जब ऐसी सरकार होती है, तो देश विकास की बुलन्दियों को छूता हुआ दिखायी देता है। रामपुर को विकसित रामपुर के रूप में स्थापित करने के लिए हमें प्रधानमंत्री जी के संकल्प के साथ मिलकर कार्य करना है। हमारी सरकार ने रामपुर के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर कार्यवाही की है। रामपुर में लोग निवेश कर रहे हैं। यहां व्यापार बढ़ रहा है।

रामपुर में नयी टाउनशिप की योजना के माध्यम से लोगों को बेहतरीन सुविधाएं देने के कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार विरासत का संरक्षण कर रही है और विकास भी कर रही है। आज मुरादाबाद तथा मीरजापुर में नये विश्वविद्यालय के कार्या का शिलान्यास किया गया है। 39 जनपदों में सरकारी मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। 14 जनपदों में मेडिकल कॉलेज का निर्माण युद्धस्तर पर आगे बढ़ रहा है। शेष जनपदों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों के निर्माण का प्रस्ताव मांगे गये हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य तथा शिक्षा की बेहतर व्यवस्था है। उद्योगों के लिए सुरक्षा का अनुकूल माहौल है।

डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है।

यूपी की 80 सीटों पर 7 चरणों में होंगे लोकसभा चुनाव, बोले योगी-अबकी बार एनडीए 400 पार

लखनऊ, चर्चित ब्यूरो। जैसे ही चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा की, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी देश भर के मतदाताओं से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज से महापर्व आम चुनाव शुरू होने पर सभी मतदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। आज, जनता हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के साथ एकजुट होकर खड़ी है। देश भर के लोगों के दिल और दिमाग में #PhirEkBaarModiSarkar की भावना गूंज रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से अबकी बार, एनडीए 400 पार का संकल्प अवश्य पूरा होगा। सीएम ने कहा, अपना वोट डालकर लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपनी आहुति डालें और इसे सफल बनाएं। भारत माता की जय! गौरतलब है कि देशभर में जहां 543 सीटों के लिए 7 चरणों में आम चुनाव कराए जाएंगे, वहीं उत्तर प्रदेश की 80 सीटों के लिए भी सभी 7 चरणों में वोटिंग होगी। नामांकन का पहला चरण 27 मार्च को शुरू होगा, मतदान 19 अप्रैल को होगा। इस बीच, नामांकन का अंतिम चरण 14 मई को होगा, जिसके बाद 1 जून को मतदान होगा। नतीजे 4 जून को घोषित होने की उम्मीद है।

संक्षिप्त समाचार

बजी रणभेरी उठी गुहार, अबकी बार 400 पार : भूपेंद्र

लखनऊ, चसं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकतंत्र के महापर्व यानि लोकसभा चुनाव की घोषणा पर सभी मतदाताओं को हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए दृढ़संकल्पित है। उन्होंने कहा, बनी रणभेरी, उठी गुहार, अबकी बार400 पार। मैं देश और प्रदेश के उत्तम विकास और भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देवतुल्य जनता से बीजेपी को वोट देकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील करता हूँ।

बीजेपी में शामिल हुईं अनुराधा पौडवाल

नयी दिल्ली, एजेंसी। मशहूर बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि वह उनके नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल होकर खुश हैं। प्रसिद्ध पार्श्व गायक, जिन्हें देश के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी सहित अपने वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। मशहूर सिंगर अनुराधा पौडवाल ने आज बीजेपी का दामन थाम लिया है. भाजपा में शामिल होने के बाद अनुराधा ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं उस सरकार में शामिल हो रही हूं जिसका सनातन (धर्म) से गहरा संबंध है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज बीजेपी में शामिल हो रही हूं। अनुराधा पौडवाल 90 के दशक में अपनी भक्ति गायकी को लेकर काफी लोकप्रियता हासिल की। वह 69 साल की है। उनकी शादी साल 1969 में अरुण पौडवाल से हुई थी जो एसडी बर्मन के असिस्टेंट और म्यूजिक कंपोजर थे। उनके दो बच्चे बेटा आदित्य और एक बेटी कविता हैं।

यूपी में सात चरणों में मतदान, मोदी की सीट पर एक जून को वोटिंग

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश के 7 चरणों मे सम्पन्न होने वाले 80 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। आयोग की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को इस हेतु निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। आयोग ने 136-ददरौल(जनपद-शाहजहांपुर), 173-लखनऊ पूर्व(जनपद-लखनऊ), 292-गैसड़ी (जनपद-बलरामपुर) तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0)(जनपद-सोनभद्र) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2024 हेतु भी कार्यक्रम घोषित किया है। 136-ददरौल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चतुर्थ चरण, 173-लखनऊ पूर्व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के पंचम चरण, 292-गैसड़ी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के षष्ठम चरण तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सप्तम चरण संबंधी कार्यक्रम लागू होगा। आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घण्टे के भीतर सरकारी सम्पत्तियों, 48 घण्टे के भीतर सार्वजनिक स्थलों एवं 72 घण्टे के भीतर निजी सम्पत्तियों से दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, झण्डे इत्यादि हटाने की कार्यवाही जनपदों द्वारा प्रारम्भ कर दी गई है। प्रदेश में लोक सभा का सामान्य निर्वाचन-2024, 07 चरणों में सम्पन्न होगा तथा मतगणना दिनांक 04.06.2024 को होगी। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 20.03.2024 को जारी होगी अर्थात् दिनांक 20.03.2024 से प्रदेश में नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। प्रथम चरण में 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। द्वितीय चरण के निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 28.03.2024 को जारी होगी अर्थात् दिनांक 28.03.2024 से द्वितीय चरण की नामांकन **(शेष पृष्ठ 7 पर)**

यूपी की 4 विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

लखनऊ, चसं। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के साथ उपचुनाव की तारीखों का भी ऐलान कर दिया है। उत्तर प्रदेश की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी और दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। ददरौल में चौथे चरण में यानी 13 मई को वोटिंग होगी। लखनऊ पूर्व में पांचवें चरण (20 मई) में मतदान होगा। गैंसड़ी में छठे चरण (25 मई) में मतदान होगा। दुद्धी में आखिरी और सातवें चरण (1 जून) में मतदान होगा। चार जून को सभी सीटों के नतीजे आएंगे। शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा से बीजेपी विधायक के निधन के बाद खाली हुई सीट पर उप चुनाव हो रहा है। लखनऊ पूर्व विधानसभा से भी बीजेपी विधायक के निधन के बाद खाली हुई सीट पर उप चुनाव हो रहा है। गैसड़ी विधानसभा से सपा विधायक के निधन के बाद यहां पर उपचुनाव हो रहा है। दुद्धी विधानसभा पर बीजेपी के रामदुलार गोंड जीते थे। रेप केस के चलते उन्हें कोर्ट ने 25 साल की सजा सुनाई। **(शेष पृष्ठ 7 पर)**

आ गया लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार : प्रधानमंत्री मोदी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **लोग एक आवाज में कह रहे हैं-अब की बार, 400 पार**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के बाद कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार आ गया है! ईसी ने 2024 लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। हम, भाजपा-एनडीए, चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम सभी क्षेत्रों में सुशासन और सेवा वितरण के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर लोगों के पास जा रहे हैं। सोशल मीडिया एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में उन्होंने लिखा, ÷दस साल पहले, हमारे सत्ता संभालने से पहले, भारत के लोग आईएनडीआई गठबंधन के दयनीय शासन के कारण ठगा हुआ और निराश महसूस कर रहे थे। कोई भी क्षेत्र घोटालों और नीतिगत पंगुता से अछूता नहीं रहा। विश्व ने भारत का साथ छोड़ दिया था। वहां से, यह शानदार रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति से हमारा देश विकास के नये कीर्तिमान रच रहा है। हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गये हैं और करोड़ों लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है। हमारी योजनाएं भारत के सभी हिस्सों तक पहुंची हैं और संतृप्ति पर जोर देने से अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि भारत के लोग देख रहे हैं कि एक दृढ़, केंद्रित और परिणामोन्मुख सरकार क्या कर सकती है। और, वे इसे और अधिक चाहते हैं। इसीलिए, भारत के कोने कोने से, समाज के हर वर्ग से हटकर, लोग एक स्वर में कह रहे हैं- अब की बार, 400 पार! मोदी ने कहा कि हमारा विपक्ष दिशाहीन और मुद्दाविहीन है। वे बस हमें गाली दे सकते हैं और वोट बैंक की राजनीति कर सकते हैं। उनके वंशवादी दृष्टिकोण और समाज को विभाजित करने के प्रयासों को स्वीकार नहीं किया जा रहा है। उन्हें उतना ही नुकसान उनके भ्रष्टाचार का ट्रैक रिकॉर्ड भी पहुंचा रहा है। लोग ऐसा नेतृत्व नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि हमारे तीसरे कार्यकाल में बहुत काम किया जाना बाकी है। पिछला दशक सत्तर वर्षों तक शासन करने वालों द्वारा पैदा की गई कमियों को भरने के बारे में था। यह आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के बारे में भी था कि हाँ, भारत समृद्ध और आत्मनिर्भर बन सकता है। हम इसी भावना को आगे बढ़ाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और भी तेज गति से चलेगी।

सामाजिक न्याय पर जोर रहेगा. हम भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम करने जा रहे हैं। हम युवाओं के सपनों को पूरा करने के अपने प्रयास को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि आने वाले पांच वर्ष उस रोडमैप को स्थापित करने के हमारे सामूहिक संकल्प के बारे में होंगे जो अगले हजार वर्षों के लिए एक राष्ट्र के रूप में हमारे प्रक्षेप पथ का मार्गदर्शन करेगा और भारत को समृद्धि, सर्वांगीण विकास और वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक बनाएगा। मोदी **(शेष पृष्ठ 7 पर)**

नेता हो या कार्यकर्ता, चुनाव आयोग ने सभी को दिए सख्त निर्देश, भ्रष्ट आचरण से दूर रहने की अपील

लोकसभा चुनाव : मतदान की तारीखों की घोषणा, आचार संहिता लागू

चर्चित राजनीति। एजेंसी

दिल्ली। लोकसभा और चार राज्य विधानसभाओं के चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ शनिवार से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग, चुनाव में लड़ने वाले दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत निर्देश जारी करता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों और नेताओं से चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है। चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों की बैठकों, जुलूसों, मतदान के दिन राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों के आचरण, मतदान केंद्र, पर्यवेक्षकों, चुनाव घोषणापत्र के संबंध में ये दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी दलों और उम्मीदवारों को भ्रष्ट आचरण से दूर रहने को कहा गया है। भ्रष्ट आचरण में मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना, मतदान केंद्रों के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें करना शामिल हैं।

चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की भूमि, भवन, परिसर की दीवार आदि का उपयोग उसकी अनुमति के बिना झंडा-दंड लगाने, बैनर लटकाने, नोटिस चिपकाने, नारे लिखने में न किया जाए। राजनीतिक दल और उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित बैठकों और जुलूसों में बाधा उत्पन्न न करें। एक पार्टी द्वारा जारी किए गए पोस्टर को दूसरी पार्टी के कार्यकर्ता नहीं हटाएंगे। आदर्श आचार संहिता के अनुसार, केंद्रीय और राज्यों के मंत्री अपने आधिकारिक दौरे पर चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। चुनाव प्रचार कार्य के दौरान आधिकारिक मशीनरी या कर्मियों का उपयोग भी नहीं करेंगे। आधिकारिक विमान, वाहन, मशीनरी और कर्मियों सहित सरकारी परिवहन का उपयोग सत्तारूढ़ पार्टी के हित को आगे बढ़ाने के लिए नहीं किया जाएगा। मंत्री और अन्य प्राधिकारी विवेकाधीन निधि से अनुदान या भुगतान स्वीकृत नहीं करेंगे। किसी भी रूप में किसी भी वित्तीय अनुदान या उसके वादे की घोषणा नहीं करेंगे। किसी भी प्रकार की परियोजनाओं या योजनाओं का शिलान्यास नहीं किया जाएगा। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री उम्मीदवार या मतदाता या अधिकृत एजेंट के रूप में अपनी क्षमता के अलावा किसी भी मतदान केंद्र या मतगणना स्थल में प्रवेश नहीं करेंगे।सत्ता में रहने वाली पार्टी को सुनिश्चित करना होगा कि चुनावी बैठकें आयोजित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों आदि और चुनाव के संबंध में हवाई-उड़ानों के लिए हेलीपैड के उपयोग पर उसका एकाधिकार न हो।

चुनाव दिशानिर्देशों के अनुसार, अन्य पार्टियों और उम्मीदवारों को ऐसे स्थानों और सुविधाओं का उपयोग उन्हीं नियमों और शर्तों पर करने की अनुमति दी जाएगी, जिन पर सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा उनका उपयोग किया जाता है। राजनीतिक समाचारों के पक्षपातपूर्ण कवरेज और उपलब्धियों के प्रचार के लिए चुनाव अवधि के दौरान समाचार पत्रों और अन्य मीडिया में राजकोष से विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

दिशानिर्देशों के अनुसार पार्टियों और उम्मीदवारों को निजी जीवन के उन सभी पहलुओं की आलोचना से बचना चाहिए जो अन्य पार्टियों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सार्वजनिक गतिविधियों से जुड़े नहीं हैं। वोट के लिए जाति या सांप्रदायिक भावनाओं की अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में नहीं किया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन झूम उठे श्रोता

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शिवगढ़, रायबरेली। क्षेत्र के लाही बॉर्डर गुमावां स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर में गत वर्षो की भांति पंडित लालमन शुक्ला, पंडित आनंद कुमार शुक्ला, लवलेश शुक्ला के नेतृत्व में सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं महा रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग शुरू होते ही पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे। कथावाचक नैमिषारण्य सीतापुर से आई कथावाचिका पूर्णिमा मिश्रा ने कहा की जब - जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक माया मोह में फंस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है।

● श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सुनाई गई श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा

कथा के दौरान वासुदेव जी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को टोकरी में रखकर यमुना जी से होकर गोकुल ले जाने की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कथा पण्डाल को भव्य तरीके से सजाया गया है। लवलेश शुक्ला ने बताया कि 18 मार्च को कथा के समापन पर हवन पूजन एवं 19 मार्च को दोपहर 1 से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विवेक चौरसिया,अनुज मिश्रा,बिनोद यादव संदीप ,सत्यम,कुंवर बहादुर सिंह,सूरज सिंह,निखिल सिंह ,सोनू सिंह ,गोपाल मिश्रा, सूरज सिंह, कृपाशंकर मिश्रा,हर्षित ,सुरेश यादव,बिमल विश्वकर्मा, बब्लू सिंह अनुराग सिंह,बिनोद शुक्ला सोनू तिवारी, राजेश कुमार शुक्ला, राजेन्द्र सिंह,निशा,ऋतु , तृप्ति आदि लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश्वर सिंह और पूर्व ब्लाक प्रमुख दद्दन सिंह भाजपा में शामिल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

अमेठी। लोकसभा चुनाव के पहले अमेठी में कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। जहां कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव और पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। अमेठी विधानसभा के विशेश्वरगंज बाजार स्थित काली मंदिर मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने सभी कांग्रेस नेताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में सांसद ने बहु प्रतीक्षित 15 किलोमीटर लंबी अमेठी किठावर मार्ग का शिलान्यास भी किया। इस दौरान सांसद ने अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। दरअसल, लोकसभा चुनाव के पहले अमेठी से कांग्रेस नेताओं का पार्टी से मोह भंग लगातार जारी है। एक दिन पहले जहां कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हुए तो आज केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी की मौजूदगी में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राजेश्वर सिंह ,बाजार शुकुल के पूर्व ब्लाक प्रमुख दद्दन सिंह समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। अमेठी विधानसभा के विशेश्वरगंज बाजार स्थित काली मंदिर मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के सभी नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए भाजपा में शामिल कराया। सांसद स्मृति ईरानी ने बहु प्रतीक्षित 15 किलोमीटर लंबी अमेठी किठावर मार्ग का शिलान्यास किया।

नवागन्तुक थाना प्रभारी का हुआ स्वागत

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शिवगढ़,रायबरेली। नवागन्तुक शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल को क्षेत्र के रायपुर नेरुआ प्रधान रतीपाल रावत ने बुके देकर स्वागत किया। गौर तलब हो कि श्याम कुमार पाल को नया शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

जिनकी सक्रियता, निष्पक्ष कार्यशैली,कुशल नेतृत्व क्षमता से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। पदभार ग्रहण करते ही श्याम कुमार पाल ने पीड़ितों का दर्द सुनना शुरू कर दिया। जिन्होंने शनिवार को फरियादियों की फरियाद सुनते समय पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए की छोटे-छोटे पारिवारिक मामलों को गम्भीरता से लेते हुए निश्पक्षभाव से उन्हें सुनें और एक बार समझाने का प्रयास अवश्य करें ताकि हंसते खेलते परिवार बिखरने से बच जाएं। उन्होंने कहा कि पारिवारिक रिश्ते बहुत ही नाजुक होते हैं जो छोटे-छोटे मनमुटाव से बिखर जाते हैं। पति-पत्नी के बीच हुए मनमुटाव का खामियाजा अबोध बच्चों को भुगतना पड़ जाता है जिससे उनका भविष्य अंधकार मय हो जाता है। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न अथवा किसी प्रकार का अपराध बिल्कुल बर्दास्त नही किया जायेगा। थाना प्रभारी की कार्यशाली की तारीफ करते हुए प्रधान रतीपाल रावत ने कहाकि नवागंतुक थाना प्रभारी की कार्यशाली से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास की उम्मीद जगी है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने कहाकि जनता के विश्वास को हमेशा काम रखेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपस में शांति व्यवस्था बनाकर रहें, अफवाहों से बचे। यदि किसी प्रकार के अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयत्न करते हैं तो पुलिस को सूचना अवश्य दें।

आशा सम्मेलन में शामिल हुई सांसद स्मृति ईरानी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

अमेठी। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले अपने संसदीय क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी गौरीगंज के जिला पंचायत रिसोर्ट सेंटर में आयोजित आशा सम्मेलन में शामिल हुई।इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की 700 आशा बहुओं और आशा संगिनियों को सम्मानित किया। सरकार की तरफसे प्रथम श्रेणी में 5000 द्वितीय श्रेणी में 2000 और तृतीय श्रेणी में 1000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। यह प्रोत्साहन राशि में उनके खाते में शासन द्वारा ट्रांसफर की जाएगी।लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से ठीक पहले केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी आज एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची, जहां वो गौरीगंज के जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित आशा सम्मेलन में शामिल हुई। इस दौरान सांसद ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली 700 आशा बहुओं और आशा संगिनियों को नगद पुरस्कार का चेक सौंपा। जिले में कार्यरत 700 आशा बहुओं और आशा संगिनियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रथम श्रेणी में पांच हजार द्वितीय श्रेणी में दो हजार और तृतीय श्रेणी में एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि शासन की तरफसे दी गई। यह प्रोत्साहन राशि सीधे उनके खाते में शासन द्वारा ट्रांसफर की जाएगी। आशा बहुओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि आज आशा बहुओं को सम्मान मिला है और आशा है कि ये सभी आगे भी अच्छा काम करेंगी।

रिचमंड फैलोशिप समिति का 19वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न, मानसिक रोगियों के पुनर्वास पर हुई चर्चा



चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। मानसिक रोग से पीड़ित लोगों के प्रति समाज में उदासीनता है उन्हें सिर्फ चिकित्सा देने तक सीमित कर दिया गया है उनके पुनर्वास की परवाह कोई नहीं करता जबकि सिर्फ दवाइयां ही ऐसे मरीजों का पूर्णता इलाज नहीं है उन्हें सामाजिक,मानसिक व्यावसायिक सहयोग भी मिलना चाहिए ताकि वह अपनी सामाजिक पहचान बना सके इसके लिए संसाधन बढ़ाए जाने की भी जरूरत है .आज आईएमए भवन में आयोजित रिचमंड फैलोशिप समिति लखनऊ शाखा के 19 में वार्षिक उत्सव तथा उत्तर प्रदेश में मानसिक रोगियों के पुनर्वास की चुनौतियां विषय पर आधारित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने इस विषय पर अपने विचार खुलकर व्यक्त किया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वेणुगोपाल झावर ने कहा कि मानसिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञों की बहुत कमी है संसाधन भी बहुत सीमित है ऐसे में रोगियों का पुनर्वास बहुत बड़ी चुनौती है। जो स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही है अपने खुद के संसाधन से संचालित हो रही है।

डॉक्टर वेणुगोपाल ने कहा कि मानसिक रोगी से डरना नहीं चाहिए बल्कि उसकी प्रतिभा व क्षमता को निखारने का प्रयास होना चाहिए. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि आमतौर पर मरीज को चिकित्सा के पास इलाज के लिए लाया जाता है जबकि जरूरत इस बात की भी है कि चिकित्सक गांव व दूर दराज के क्षेत्र में भी जाए और मानसिक रोगियों की पहचान कर उनका इलाज करें. डॉक्टर वेणुगोपाल ने बताया कि उनके केंद्र पर मोबाइल मानसिक स्वास्थ्य वैन का संचालन होता है जिसमें चिकित्सा की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती है. कार्यशाला में सुरक्षा निदेशालय के पूर्व निदेशक डॉक्टर मनीष झा ने कहा कि अगले 25 वर्षों में देश में मानसिक समस्याएं बढ़ने का अंदेशा है. भारत सरकार ने भी इस पर ध्यान देना शुरू कर दिया है। इसलिए दी रिचमंड फैलोशिप समिति जैसी संस्थाओं को समाज का पूरा सहयोग मिलना जरूरी है ताकि मरीजों का पुनर्वास और बड़ी संख्या में किया जा सके .संस्था के अध्यक्ष डॉ ए के अग्रवाल ,सचिव डॉक्टर शशि राय मनोरोगी कल्याण संस्थान के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल डॉक्टर प्रभात सी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए शिव शांति असुदा आश्रम के साइ मोहनलाल भी उपस्थित रहे।

नजूल भूमि पर बेदखली और ध्वस्तीकरण नहीं, हाईकोर्ट में राज्य सरकार का जवाब

लखनऊ, चसं। नजूल भूमि को लेकर जारी राज्य सरकार के नए अध्यादेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी गई है। याचिका में अध्यादेश को असंवैधानिक बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की गई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह ने इस आशय की अंडरटेकिंग दी कि सर्वे कार्य ही किया जाएगा। नजूल भूमि से किसी को न तो बेदखल किया जाएगा और न ही ध्वस्तीकरण होगा। इस पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले में पांच अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसडी सिंह एवं न्यायमूर्ति सुरेंद्र कुमार प्रथम की खंडपीठ ने डॉ अशोक तेहलियानी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।

आज से शुरू हुआ यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

लखनऊ, चसं। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज यानी 16 मार्च से शुरू हो गया है। यह मूल्यांकन राज्य के 260 केंद्रों पर शुरू हो गया है जो 31 मार्च तक चलेगा। इन परीक्षा केंद्रों पर टीचर्स आंसरशीट का मूल्यांकन करेंगे। इस बीच में तीन दिन 24 से 26 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा। कॉपी चेकिंग के बाद 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। बता दें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक संपादित हुई। जिले वार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं। यहां हाईस्कूल एवं इंटर दोनों की कापियां जांची जाएंगी।

हाईकोर्ट ने लगाई रोक, फिर भी फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर

चर्चित राजनीति। संवाददाता

रायबरेली। मार्ग दुर्घटनाओं में मौत होने का सबसे बड़ा कारण ट्रैक्टर से होने को हाईकोर्ट ने मानते हुए उसको सिर्फ कृषिकार्य के अलावा अन्य कार्य में न प्रयोग करने हेतु आदेश जरूर पारित किया लेकिन वो अभी कागजी कोरम तक ही सीमित है जबकि मार्ग पर सरेआम मिट्टी खनन से लेकर व्यवसायिक क्षेत्र में सबसे अधिक प्रयोग किया जा रहा है।

जिले के अन्तर्गत गदागंज थाना क्षेत्र के गांव पवारनकापुरवा के निकट ऊंचाहार कानपुर मार्ग पर शनिवार के दिन मिट्टी खनन मे प्रयुक्त ट्रैक्टरों से जहां मिट्टी को ठिकाने सरेआम लगाया जा रहा था तो वहीं ईट भट्ठो में ईटों को ढोने व व्यापारियों के द्वारा सीमेंट;सरिया व मौरंग आदि के ढोने में प्रयोग किया जा रहा है।तो वहीं तांगे से सीमेंट को कुछ व्यापारी अपने कस्टमर के यहां भेजकर कानून का अनुपालन तक करते हुए नजर आए।जिनके तस्वीरें साफ साफ हाईकोर्ट के फरमान का अनुपालन तो कहीं नियमों की धज्जियां उड़ाने की वाक्या बयां कर रही हैं। जिससे साफ जाहिर है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी हाईकोर्ट के आदेशों का अनुपालन सिर्फ कागजी कोरम तक ही रख रखा है।

उधर एआरटीओ ने बताया कि अभियान चलाकर हाईकोर्ट के नियमों का अनुपालन न करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

नवनीत सहगल बने प्रसार भारती के नए चेयरमैन ग्रहण किया पदभार

लखनऊ, चसं। उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त आईएएस नवनीत कुमार सहगल को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें प्रसार भारती का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली था। वह ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था। सूर्य प्रकाश 70 वर्ष के हो गए थे, जो इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा है। आज नवनीत कुमार सहगल अपना पदभार ग्रहण किया। सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च को जारी एक आदेश में कहा गया है, 'राष्ट्रपति को, चयन समिति की सिफारिश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए प्रसन्नता है, जो उनके पद का कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि या उनके 70 वर्ष का होने तक प्रभावी होगी।

पीडब्ल्यूडी दफ्तर में अकाउंटेंट की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

चर्चित राजनीति। संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में पीडब्ल्यूडी विभाग के अकाउंटेंट की दफ्तर के अंदर संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। अकाउंटेंट की मौत से विभाग में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने आनन-फानन में अकाउंटेंट को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। हालांकि मृतक की मां रोते हुए पुरानी घटना का जिक्र कर रही थीं। बाद में उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। इस दौरान विभाग के कई अधिकारी अस्पताल पहुंच गए। विभागीय अधिकारी मीडियाकर्मियों को परिवार से दूर करते रहे।

कई घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अस्पताल जाने की कोई जहमत नही उठाई। वहीं संबंधित एक्सईएन ने कहा कि हार्ट अटैक आने से मौत होना लग रहा है। बरेली जिले के इज्जतनगर के रहने वाले 58 साल के नीरज कुमार लाकरा शाहजहांपुर के पीडब्ल्यूडी विभाग में प्रांतीय खंड में अकाउंटेंट थे। शुक्रवार को नीरज अपने दफ्तर पहुंचे थे। दोपहर में उनकी दफ्तर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके बाद पुलिस को बगैर सूचना दिए विभागीय अधिकारियों ने नीरज को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर शव को मार्चुरी में रखवा दिया गया। उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। हैरान करने वाली बात ये है कि, चार से पांच घंटे तक पुलिस महकमे के पास घटना की सूचना नहीं पहुंची। रात करीब आठ बजे अस्पताल से पुलिस को मेमो भेजा गया। चार घंटे तक शव मॉर्चरी में रखा गया और पुलिस बेखबर रही। मेमो मिलने के बाद थाना सदर पुलिस हरकत में आई। वहीं परिजन अस्पताल चौकी के पास बैठकर रो रहे थे और विभागीय अधिकारी उनके इर्द-गिर्द घूम रहे थे। जब मीडियाकर्मियों ने परिवार से बात करने की कोशिश की तो, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मीडियाकर्मियों को ही रोकने लगे। इस दौरान पहले तो मां रो रोकर एक पुरानी घटना का जिक्र करती रहीं। बाद में उन्होंने भी मीडिया से बात करने से इंकार कर दिया। मां रो रोकर कह रही थीं कि, आफिस वाले भी बेटे को बचा नहीं पाए। पुरानी घटना मेरे बेटे को ले गई। मेरा बेटा अब लौटकर नहीं आएगा। हमने सबको माफ कर दिया। बता दें कि, 24 फरवरी को थाना सदर बाजार पुलिस अकाउंटेंट को थाने ले आई थी। पुलिस का कहना था कि, एक ठेकेदार द्वारा अकाउंटेंट पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। थाने लाने के बाद करीब एक घंटे तक अकाउंटेंट को रखा गया। उसके बाद दोनों के बीच समझौता कराने के बाद एक विभागीय अधिकारी की सुपुर्दगी में छोड़ दिया गया था। सूत्रों की माने तो, एक माननीय के करीबी ठेकेदार की शिकायत पर छुटभैया नेता के दबाव में उनको लाया गया था। ठेकेदार और अकाउंटेंट के बीच भुगतान को लेकर विवाद चल रहा था। हालांकि उस समय भी विभागीय अधिकारियों ने मामले को पूरी तरह से दबाने की कोशिश करने के बाद ही आलाधिकारियों को गुमराह किया था। प्रांतीय खंड के एक्सईएन महेंद्रपाल ने बताया कि, करीब साढ़े तीन या चार बजे की घटना है। उनको अस्पताल भेजा गया था। हो सकता है उनकी रास्ते में मौत हो गई हो। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने लगभग सात बजे तक घटना की जानकारी से इंकार करते रहे। अस्पताल से मेमो मिलने के बाद थाना प्रभारी ने बताया कि परिवार की तरफसे कोई तहरीर नहीं दी गई और न ही कोई आरोप लगाया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसपी ऑफिस में खुद को आग लगाने वाले की मौत

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान करने की कार्रवाई में जुटी पुलिस

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में एसपी ऑफिस के अंदर खुद को आग लगाने वाले वाले व्यक्ति की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। दस दिन तक पीड़ित जिंदगी और मौत के बीच जूझता रहा। उसकी मौत के बाद लखनऊ में ही पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को शाहजहांपुर लाया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने आत्मदाह का प्रयास के लिए उकसाया था। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना कांट क्षेत्र के गांव सनेरा के रहने वाले ताहिर ने पांच मार्च को एसपी कार्यालय में आत्मदाह करने की कोशिश की थी। आग लगाते समय ताहिर का एक वीडियो भी सामने आया था। गंभीर रूप से झुलसे ताहिर को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत देखते हुए उसको लखनऊ रेफर कर दिया था, जहां इलाज के दौरान उसकी रात में मौत हो गई।ताहिर के शव का लखनऊ में ही पोस्टमार्टम कराकर शाहजहांपुर लाया जाएगा। इस घटना के बाद वायरल वीडियो देखकर पुलिस ने कहा था कि, ताहिर को आत्मदाह के लिए कुछ लोगों ने उकसाया था। पुलिस ने वायरल वीडियो और एसपी ऑफिस में लगे सीसीटीवी फुटेज देखकर 6-7 अज्ञात के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने वीडियो में दिखने वाले और उकसाने वालों को चिह्नित कर उनकी पहचान करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपी सलमान, योगेन्द्र यादव और केके दीक्षित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस का कहना है कि, अन्य आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जल्द उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। झुलसे ताहिर की लखनऊ के अस्पताल में मौत हो गई। बता दें कि, पीड़ित ताहिर ने अपने दो वाहन उमेश तिवारी नाम के व्यक्ति को किराए पर दिए थे। कुछ समय किराया देने के बाद उमेश तिवारी ने किराया देना बंद कर दिया था।

संक्षिप्त समाचार

17,18 मार्च को आंशिक रूप से बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

शिवगढ़ (रायबरेली), चसं। 17, 18 मार्च को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शिवगढ़ में पैनल शिफ्टिंग का कार्य सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक किया जायेगा जिससे उपकेंद्र से सम्बन्धित विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी द्य यह जानकारी एसडीओ प्रमोद कुमार वर्मा एवं अवर अभियन्ता रवि कुमार गौतम ने बताया है।

गलत उपचार से जच्चा व बच्चा की मौत

रायबरेली, चसं। शहर के हाथीपार्क निकट एक निजी चिकित्सालय में जच्चा व बच्चा को प्रसव पीड़ा होने के कारण भर्ती बीते मंगलवार के दिन लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली गर्भवती महिला को एडमिट करवाया गया था।इसके बाद नर्सिंग होम के कर्मियों ने परिजनों से बताया कि बिना आपरेशन के बच्चा नही हो पाएगा। घबराए परिजनों ने आपरेशन के लिए हां कर दी और अस्पताल में डाक्टर न होने के कारण वहीं की एक महिला कर्मचारी ने गर्भवती महिला का आपरेशन शुरू कर दिया।आपरेशन के दौरान महिला को गलत इंजेक्शन लग जाने की वजह से जच्चा बच्चा दोनो की मौत हो गई।परिजन हंगामा किया कर्मचारियों ने शांत करवाया और मामले में अंतिम संस्कार करा दिया। प्रकरण खुला तो स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई के बजाय यह कहकर मौन हो गया कि शिकायत नही मिली।जिसकी शिकायत पर सीएमओ ने जांच करवाने की बात कही है।

घर से लापता किशोर का शव मिला

रायबरेली, चसं। जगतपुर थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी विभव 12वर्ष पुत्र मनोज कुमार बीते शुक्रवार की सायंकाल 4बजे के तकरीबन घर से गायब संदिग्ध परस्थितियो में हो गया था।जिसका शव शनिवार की सुबह गांव के निकट आम की पेड़ में मासूम विभव का शव धोती के सहारे फांसी के फंदे लटकता मिला।जिसको लेकर मासूम की मां अर्चना व बड़ा भाई अनुभव व छोटा भाई ननकऊ का रो रोकर बुरा हाल था।मृतक किशोर की मां ने पुत्र की हत्या करके शव लटकाने का जुबानी आरोप लगा रही थी। उधर थाना प्रभारी बबिता पटेल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।जिसमें कोई लिखित तहरीर नही मिली है फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

आरा मशीन में कटने से महिला की मौत, हत्या का आरोप

रायबरेली, चसं। डलमऊ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव नरसवां निवासिनी चांदनी 22वर्ष पत्नी शेखर की आरा मशीन के आरे के चपेट में उसके चलते दौरान चपेट में आने से मौत हो गई है।जिसमें सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार के दिन पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा है।जिसमें मृतका के मयका पक्ष के लोगों ने पति समेत तीन पर हत्या का आरोप लगा रहे थे।उधर डलमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शनिवार के दिन भेजा गया है।जहां रही हत्या का आरोप की बात तो जांच करके आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

अधिसूचना जारी, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर हटाए गए

रायबरेली, चसं। लोकसभा चुनाव का अधिसूचना शनिवार के दिन जारी कर दिया गया है। पांचवे चरण में 20मई को जिला रायबरेली में मतदान होगा।जिसकी तैयारी को लेकर प्रशासनिक अधिकारी पूर्ण तैयारी पहले से करके सिर्फ अधिसूचना का इंतजार कर रही थी।जिसमें डीएम हर्षिता माथुर ने एसपी के साथ डलमऊ तहसील व क्षेत्र का निरीक्षण शनिवार के दिन किया।जिसको लेकर डीएम के आदेश पर समस्त तहसील क्षेत्रों में लगे होर्डिंग;बैनर;पोस्टर आदि को हटाने का प्रक्रिया शनिवार के दिन तीन बजे के बाद से जारी कर दिया गया है।समस्त चौराहों से लेकर ग्रामीणांचल तक में टीमें राजनीतिक पार्टी के प्रचार प्रसार के वाल पेंटिंग तक को मिटाने का अभियान चलाया है।जिसमें वाहनों के चेकिंग के साथ साथ जिले के समस्त सीमाओं की चेकिंग ब?ा दिया है साथ ही बाहरी व्यक्तियों के आने जाने पर नजर बनाने हेतु पुलिस को दिशा निर्देश दिया गया।

ईरिक्शा की टक्कर से मासूम की मौत

रायबरेली, चसं। मिलएरिया थाना क्षेत्र के कांशीरामकालोनी निवासी कृष्णा 3वर्ष परिसर में खेलते दौरान ईरिक्शा ने उसको टक्कर मार दिया जिनको जिला अस्पताल में ले जाया गया जहां पर उनको मृतक घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शनिवार के दिन भेजा है।मिलएरिया थाना प्रभारी ने बताया कि मासूम की मौत के मामले में ईरिक्शा समेत चालक को गिरफ्त में ले लिया गया है।

डंपर ने बोलेरो को मारी टक्कर, तीन घायल

रायबरेली, चसं। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रानीखेड़ा निकट बोलेरो को डंपर ने पीछे से टक्कर मार दिया।जिसमें सवार तीन लोग गंभीर घायल हो गए।जिनके हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शिवगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि तीनो घायलों के होश में आने पर उनका पता चलेगा फिलहाल उनको जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

बीएसएनएल ने दिया दगा, सीयूजीमोबाइल बने खोखा

रायबरेली, चसं। बीएसएनएल विभाग अपने उपभोक्ताओं को विगत 50 दिनों से टेंशन में डाल रखा है।जिसमें उपभोक्ताओं के मोबाइल में नेटवर्क दिखने के बाद भी बातचीत नेटवर्क दिक्कत के कारण की मार झेल ही रहे थे कि लोकसभा चुनाव में अधिसूचना लागू होने के बाद ऊंचाहार नगर व बाबूगंज क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांवो में नेटवर्क ध्वस्त चल रहा है।जिससे थाना;तहसील व ब्लाक व स्वास्थ्य विभाग आदि समेत समस्त सरकारी विभागों को सीयूजी फोन मिला हुआ है जिसमें सीयूजी फोन में पड़ा नंबर बीएसएनएल का ही है।जिसमें संपर्क तक नही हो पा रहा है जिले तक के अधिकारियों से लेकर चुनावा आयोग तक को उस समस्या में अब गुजरना पड़ेगा, जिसमें देखना ये है कि बीएसएनएल विभाग अपने मतहतों के खिलाफ कार्रवाई करेगा या खानापूर्ति कर दिया जाएगा।उधर एसडीएम ने समस्या को जायज बताते हुए उसको उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने की बात कही है।

प्राइवेट विद्यालय के शिक्षक लापता

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव परसीपुर निवासी शिवप्रसाद प्राइवेट विद्यालय में दैनिक भत्ता के तौर पर पढ़ाते थे।जिनके लापता होने पर परिजन ने पुलिस को शनिवार के दिन सूचना दिया है।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करके प्रकरण की जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया गया है।

महिलाओं से विजिलेंस टीम ने की बदसलूकी

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के गांव मास्टरगंज में विद्युत विभाग की विजलेंस टीम द्वारा घर में घुसकर महिलाओं के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया गया है।जिसको लेकर पीड़ित पक्ष से एक व्यक्ति ने विजलेंस टीम के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया है।उधर एसडीएम ने बताया कि थाने की पुलिस को जांच सौंपा गया है।

रंजिश में 5 पर बोला हमला, गम्भीर रूप से घायल

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के गांव चौहानकापुरवा निकट ऊंचाहार से घर जा रहे गांव खंदारीपुर निवासी सौरभ 18वर्ष,सिकंदर 18वर्ष,विकास 17वर्ष,रोहित 20वर्ष,कार्तिक 17वर्ष पर एक दर्जन से अधिक लोग हमला बोल दिया।जिसमें सभी लहूलुहान हो गए।जिनको प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया है।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती किया गया है।लिखित तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं : संजय

लखनऊ, चसं। कुछ दिनों में व्यापरियों द्वारा आत्महत्या की कई घटनाओं पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने चिंता जताई। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने व्यापरियों को विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत से काम लेने, परिवार,संगठन और मित्रों से समस्या साझा करने की सलाह द

संक्षिप्त समाचार

पुलिस उपाधीक्षक रेलवे ने जीआरपी पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

लखनऊ, चसं। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषीकेश यादव द्वारा किया गया जीआरपी पुलिस लाइन का अर्धवार्षिक निरीक्षण, शस्त्रागार, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक हृषीकेश यादव अनुभाग लखनऊ द्वारा जीआरपी पुलिस लाइन का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी। सलामी गार्द का निरीक्षण किया गया, सलामी गार्द में लगे अधिकारी/कर्मचारी गण का टर्नआउट उच्चकोटि का पाया गया। तत्पश्चात शस्त्रागार, गणना कार्यालय, जी0डी0 कार्यालय के सम्बन्धित दस्तावेज चेक किये गये साथ भोजनालय, पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई, परिवहन शाखा स्टोर रूम, जी0डी0 कार्यालय के दस्तावेज चेक किया गया, जिनका रखरखाव संतोषजनक पाया गया व अपूर्ण प्रविष्टियों को तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। कर्मचारीगण बैरक, थाना भोजनालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें उच्च कोटि की साफ-सफाई रखने व भोजनालय को चेक करते हुए मैस प्रबन्धक को खाने की गुणवत्ता में सुधार कर कर्मचारीगण को गुणवत्ता युक्त भोजन समय से देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास पाण्डेय द्वारा थाना जीआरपी बाराबंकी का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

लखनऊ, चसं। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ विकास पाण्डे द्वारा थाना जीआरपी बाराबंकी का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण, निरीक्षण के दौरान मेस,मालखाना, शस्त्रागार व थाना कार्यालय के कार्यो की समीक्षा कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ विकास पाण्डे द्वारा आगामी त्यौहार व लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत थाना जीआरपी थाना बाराबंकी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय को सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गई, इसके पश्चात महोदय द्वारा शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क व थाने के रजिस्टरों की जानकारी लेते हुए थाने में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, लंबित मुकदमों से संबंधित माल रखरखाव व ट्रेनों में सघन चेकिग अभियान चलाने के साथ-साथ ट्रेन व रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों की लगातार चेकिंग की जाये। थाने पर मौजूद समस्त कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित निर्देश किया गया तथा पुलिस बल के साथ प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग आदि स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

सपा ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव को उतारा

लखनऊ, चसं। समाजवादी पार्टी ने यूपी की 6 सीटों पर लोकसभा प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया। चौथी लिस्ट में अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ से टिकट दिया गया है। जबकि, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, गौतमबुद्धनगर से महेंद्र नागर, इटावा से जितेंद्र दोहरे, जालौन से नारायण दास अहिरवार और सुल्तानपुर से भीम निषाद को टिकट दिया है। इससे पहले सपा की पहली लिस्ट में भी धर्मेंद्र यादव का नाम था। उन्हें बदायूं से लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बनाया गया। फिर दूसरी लिस्ट में शिवपाल यादव को बदायूं से टिकट दिया गया।

अनोखेलाल मिश्र की 66वीं पुण्यतिथिय नादार्पण संगीत महोत्सव में शास्त्रीय संगीत पर नाचे लोग

लखनऊ, चसं। नादार्पण संगीत महोत्सव में शास्त्रीय संगीत का गायन किया गया। मनमोहक प्रस्तुति सुनते हुए लोग भावविभोर हो गए।अस्तित्व पांडेय (8) और कुमारी दिविशा मिश्रा (6) ने राग भीमपलासी की बंदिश जा जा रे अपने मंदिरवा, सुन्हू सदा तुमको जा तुमको गगन दिया, जा जा और बोलो राम जय जय राम बोलो राम की मनमोहक प्रस्तुति से संगीत महोत्सव की शुरुआत हुई। इस दौरान तबले पर मास्टर व्योम श्रीवास्तव ने सधी हुई सुंदर संगत की। बच्चों की इस प्रस्तुति पर लोग झूम उठे हैं। कार्यक्रम में पंडित अनोखे लाल मिश्र द्वारा संगीत को दिए गए योगदान को याद किया गया है। इस मौके पर कहा गया कि शक्ति में अगर भीम का महत्व है तो संगीत में भीम पलासी का है। वहीं, कार्यक्रम में डॉक्टर डीके सक्सेना ने कहा कि मास्टर व्योम श्रीवास्तव उनके नाती हैं, बीमारी के चलते वह बोल नहीं सकते थे, लेकिन संगीत साधना के चलते उनमें सुधार हुआ है। साइको थैरेपी से अधिक कारगर है म्यूजिक थेरैपी कई मामलों में है। मास्टर अध्यात्म पांडेय ने तबले पर तीन ताल 16 मात्रा में तबला सोलो वादन प्रस्तुत किया, इसमें पेशकार कायदा रेला को सहजता से प्रस्तुत किया गया है।

परसपुर ठट्ठा में सुरक्षित सरकारी जमीनों से शिकायत के बाद भी नहीं हटे अवैध कब्जे

ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल पर घूस लेकर सरकारी जमीनों पर कब्जा कराने का भी लगाया आरोप

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने करते हुये सीडीओ अजय जैन व डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को शिकायती पत्र देते हुये परसपुर ठट्ठा प्रधान राजवती समेत दर्जनो ग्रामीणो ने बताया उनके गांव में स्थित कब्रिस्तान की सुरक्षित भूमि समेत खाद के गड्ढे दर्ज सरकारी भूमियों पर कानूनगो व हल्का लेखपाल की शह पर दर्जन भर लोगो पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण करा रहे है।पूर्व में एसडीएम समेत सम्पूर्ण समाधान दिवसो में कई शिकायतो के बाद मौके पर पहुंचे लेखपाल व काननूगो ने बिना सरकारी जमीन की नाप किये आबादी बताते हुये बिना निर्माण रुकवाये मौके से चले आये। ग्रामीणो ने हल्का लेखपाल पर घूस लेकर सरकारी जमीनो पर कब्जा कराने का आरोप भी लगाया है। डीएम ने एसडीएम को जांच कर सुरक्षित सरकारी जमीनो से तत्काल अवैध कब्जा हटवाये जाने जाने के निर्देश दियें। दूसरी शिकायत एडवोकेट मुन्नालाल यादव निवासी मलौली ने करते हुये बताया उनके गांव में आबादी से सटे सरकारी चकमार्ग पर दबंगो ने कब्जा कर पक्का निर्माण व लोहे के राड गांड दिये है। उक्त चकमार्ग पर अवैध कब्जे से पानी का निकास व रास्ता अवरूद्ध है। पूर्व में कई शिकायतों के बाद भी चकमार्ग से अवैध कब्जा नही हटाया गया।डीएम ने एसडीएम को चकरोड की पैमाईश कराकर अवैध कब्जा तत्काल हटवाये जाने के निर्देश

- **सम्पूर्ण समाधान में डीएम ने की सुनवाई**

दियें। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह को शिकायती पत्र देते हुये श्री देवी निवासी करमलिनखेड़ा मजरा बरवलिया ने बताया मनरेगा के तहत गांव में चकमार्ग का निर्माण कराया जा रहा था जिसमें वो मजदूरी कर रही थी,18 फरवरी2024 को हिमांशू त्रिवेदी व नीलू ने गाली-गालौज करते हुये लाठी डंडो से उसकी व साथी मजदूर राजू रावत कि लांठी डंडो से बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया। जिसके बाद निगोहां थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की तो कोई कार्यवाही नही हुयी।डीसीपी ने थाना प्रभारी को जांच कर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दियें। दूसरी शिकायत नंदौली मजरा बरगदिहाखेड़ा गांव निवासी हरिश्चन्द्र ने करते हुये बताया सपा से जुड़ा हुआ एक व्यक्ति उसके गांव आकर भाजपा सरकार के खिलाफ भड़काता है ओर मोदी व योगी को उल्टा सीधा बोलता है ओर लोगो को तरह तरह के प्रलोभन देकर सपा को वोट देने की बात भी कहता है।उक्त व्यक्ति मेरे गांव के अपराधी मंशाराम के साथ घर आकर धमकाता है ओर पूर्व में बेटे को गोली मारने के मंशाराम पर दर्ज कराये गये मुकदमें को वापस लेने की धमकी देता है ओर मुकदमा वापस ना लेने पर अजांम भुगताने की धमकी भी देता हैं। डीसीपी ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये थाना प्रभारी निगोहां को जांच कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दियें। एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया सम्पुर्ण समाधान दिवस में कुल 127शिकायतें दर्ज हुयी जिनमें से 33शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।इस मौके पर डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह व सीडीओ अजय जैन,एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा व एसीपी राधा रमण सिंह समेत सभी विभागो के अधिकारी मौजूद रहे। नंदौली मजरा बरगदिहाखेड़ा गांव की यशोदा,कमलेश कुमार समेत अन्य ग्रामीणो ने डीसीपी को शिकायती पत्र देये हुये बताया उनके गांव में रहने वाली एक महिला का समाजिक विवाह नही हुआ परन्तु उसके तीन पुत्र है उक्त महिला गांव के युवको से अवैध सम्बंध बनाकर उनको प्रताड़ित करती है ओर झूठे मुकदमो में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देकर पैसे वसूलती है। उक्त महिला क ई लोगो पर झूठे मुकदमें दर्ज करा चुकी है वही कुछ दिन पहले गांव के एक बुजुर्ग को भी पीटा था ओर अब प्रधान पति पर दबाब बनाने के लिये उनके खिलाफझूठे व गलत आरोप लगाते हुये पुलिस से शिकायत कर रही हैं। ग्रामीणो ने उक्त महिला के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की मांग की। डीसीपी ने थाना प्रभारी निगोहां को पूरे मामले में गहनता से जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दियें। मोहनलालगंज नगर पंचायत में तैनात ईओ की खराब कार्यशैली के चलते दिन प्रतिदिन सभासदो में आक्रोश बढता रहा है,शनिवार को नाराज सभासद हिमांशु तिवारी,हिमांशु सिंह,अखिलेश समेत अन्य ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम सूर्यपाल गंगवार से लिखित शिकायत करते हुये ईओ पर विकासकार्यो में पारदर्शिता ना बरतने समेत नगर पंचायत के वार्डो में बनने वाली इंटरलाकिंग व सीसी मार्गो में लगने वाले शिलापटो में सभासदो का नाम ना लिखवाने जाने का आरोप लगाया।वही नगर पंचायत में आयोजित होने वाली बोर्ड बैठक में सभासदो के सवालो का जबाब व विकासकार्यो के बारे में भी नही बताया जाता हैं।डीएम ने एसडीएम को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये है।

कुर्मियों की झंडाबरदार मां या बेटी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **विरादरी पर पकड़ का पैमाना भी होगा चुनाव**
- **अनुप्रिया के योगदान पर समाज की नजर**

लखनऊ। कुर्मी विरादरी की झंडाबरदार के तौर पर राजनीति करने वाले अपना दल के दोनों धड़ों की नेताओं मां कृष्णा पटेल और बेटी अनुप्रिया पटेल के लिए लोकसभा चुनाव चुनौतियों से भरा होगा।

2014 के बाद अलग होकर एक ही जाति की सियासत करने वाली मां-बेटी लगातार दूसरा चुनाव एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगी। मां-बेटी सजातीय वोटों की कसौटी पर रहेंगी। दोनों दलों के लिए सीटें अभी भले ही तय नहीं हैं, लेकिन लोस चुनाव में मां-बेटी की समाज पर पकड़ की परख तो जरूर ही होगी।सियासी पंडितों का मानना है कि पांच साल के दौरान अपना दल के राजनीतिक तौर-तरीकों में काफी बदलाव आया है। मां-बेटी के दलों में किसी को कुछ फायदा होगा तो किसी को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। वैसे भी डॉ. सोनेलाल पटेल ने जिन उद्देश्यों को लेकर अपना दल की स्थापना की थी, वे पार्टी के साथ दो भागों में बंट चुके हैं। बंटवारे के साथ दोनों दलों की प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं।2014 के लोस चुनाव में अपना दल एक था, इसलिए कुर्मी समाज भी एकजुट था। 2019 से यह दो धड़ों में बंट गया। अपना दल कमेरावादी की कमान कृष्णा पटेल व बड़ी बेटी पल्लवी पटेल के, तो अपना दल एस की कमान दूसरी बेटी अनुप्रिया पटेल और दामाद आशीष पटेल के हाथों में है। 2019 के चुनाव में कृष्णा पटेल के नेतृत्व को कोई खास सफलता नहीं मिल पाई थी। अलबत्ता अपना दल एस ने मिर्जापुर और सोनभद्र सीट पर विजय हासिल की।

कुर्मी बहुल कई सीटों पर वह भाजपा को जिताने में मददगार साबित हुआ था। पांच साल में अपना दल कमेरावादी ने सांगठनिक रूप से पार्टी को मजबूत करने की कोशिश की है। पल्लवी पटेल सपा से विधायक भी बन चुकी हैं। इस बार के चुनाव में सजातीय वोटों को अपने पक्ष में करने को लेकर वह ताकत दिखाएंगी।

सहकारिता राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत गोदामों का किया शिलान्यास

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आज सहकारिता भवन लखनऊ के पीसीयू सभागार में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत भारत सरकार के सौजन्य से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. (यूपीआरएनएसएस) एवं यूपीसीएलडीएफद्वारा निर्मित होने वाले 100 मै. टन क्षमता के 43 गोदाम, 250 मै. टन क्षमता के 11 गोदाम एवं 1000 मै. टन क्षमता के 9 गोदाम का वर्चुअल शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त जिला सहकारी बैंक लि. शाहजहांपुर शाखा सिधौली का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। इसके अतिरिक्त सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने

आज इंस्टीट्यूट ऑफकॉपरेटिव एण्ड कॉर्पोरेट मैनेजमेन्ट रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग (आई0सी0सी0एम0आर0टी0) रिंग रोड, इंदिरानगर, लखनऊ के प्रांगण में कृषि विज्ञान अन्वेषण केन्द्र का भी शिलान्यास किया। उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक ए0के0 सिंह ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों में प्राप्त 100 मै0 टन के 103 गोदामों के सापेक्ष प्रथम चरण में 43 गोदामों का वर्चुअल शिलान्यास मा0 मंत्री जी द्वारा किया गया, शेष गोदामों का शिलान्यास द्वितीय चरण में किया जायेगा। सरकार की मंशा के अनुरूप निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किया जायेगा।इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री ने कहा कि इन गोदामों के निर्माण होने से भण्डारण क्षमता में वृद्धि होगी। गोदामों का उपयोग साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की उपज फसल एवं उर्वरकों का भण्डारण किया जायेगा।

लंबी अवधि के भंडारण के लिए एवं उत्पादों की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने के लिए किया जायेगा। इससे खाद्यान्न एवं उर्वरक पूर्ण सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में दीपिका सिंह व शहरीन सिद्दीकी को ड्रोन एवं इलेक्ट्रानिक वाहन दिया गया। कार्यक्रम में सहकारिता के विकास की झलक पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई गयी। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (ग्रा0गो0) सहकारिता श्रीकान्त गोस्वामी ने आये हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

क्रांति सिंह प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। प्रेरणा सदन लोक निर्माण विभाग गवर्नर हाउस के सामने 16 मार्च 20 24 को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का नामांकन व निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव अधिकारी श्रवण पाल की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गय। चुनाव में श्री क्रांति सिंह निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष,सुशील कुमार प्रदेश महामंत्री, श्याम देव प्रदेश कोषाध्यक्ष, कन्हैया लाल पटेल प्रदेश संगठन मंत्री, दिनेश चंद्र मौर्य, प्रदेश संप्रेक्षक निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रदेश अध्यक्ष पद पर दो नामांकन क्रांति सिंह के सामने रामचंद्र ने नामांकन किया था। लेकिन रामचंद्र ने प्रदेश अध्यक्ष से अपना नामांकन वापस ले लिया। इसलिए क्रांति सिंह निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जबकि अन्य पदों पर सिर्फ एक एक नामांकन होने से सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी व कई जनपद शाखा के जिला अध्यक्ष मंत्री ने निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी को पुष्प भेंट कर व मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।निर्वाचन के उपरान्त अध्यक्ष क्रांति सिंह ने कहा कि वह प्रदेश के एक लाख से अधिक पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों का पद नाम परिवर्तित कर पंचायत सेवक, कर्मचारी सेवानियमावली और पंचायत विभाग के सफाई कर्मचारियों को पदोन्नति जैसी मांगो को लेकर पूर्व की तरह तब तक संघर्ष जारी रहेगा जब तक सफलता नही मिल जाती। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश के ग्रामीण राज सफाई कर्मचारियों के हर समस्या का समाधान करायेगे।

उन्होंने अनुरोध किया है कि पंचायत राज सफाई कार्मिक सरकार की मंशा अनुसार स्वच्छ भारत में अपनी भूमिका का निर्वहन उसी आस्था से करें, जैसी उनकी संगठन, परिवार के प्रति आस्था है।

डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा ने जीता आरटीआई कार्यकर्ताओं का दिल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **सूचना आयोग का ऐतिहासिक कार्य**

लखनऊ। 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' और 'पूत के पैर पालने में ही दिख जाते हैं' जैसी लोकोक्तियाँ आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा की इस नई पारी के पहले दिन के कार्यों के सन्दर्भ में सकारात्मक रूप में पढ़ी जा सकती हैं।

एक आईपीएस के रूप में सेवा की सफल पारी पूरी करने के बाद यूपी के सीआईसी बने विश्वकर्मा के बीती 13 मार्च को राजभवन में शपथग्रहण के बाद आयोग में कार्यभार ग्रहण कर उसी दिन दो आदेश जारी करके न केवल सूचना आयोग के कार्यों का दैनिक टाईमटेबल बनाने का लम्बे समय से लंबित ऐतिहासिक कार्य किया बल्कि तत्परतापूर्वक सभी आयुक्तों को कार्य आबंटित कर आयोग की कार्यप्रणाली में ओप्टिमम टाइम मैनेजमेंट का जनहितकारी स्पष्ट सन्देश भी दे दिया है। राजधानी के राजाजीपुरम क्षेत्र निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट और पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के आरटीआई प्रकोष्ठ की प्रदेश उप प्रभारी रह चुकीं उर्वशी शर्मा ने बातचीत में बताया कि डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा के इन त्वरित और लोकहितकारी आदेशों को देखकर सूबे के तमाम आरटीआई एक्टिविस्टों में यह उम्मीद बंधी है कि देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीतियों को अमल में लाने के लिए सूचना आयोग की कार्यप्रणाली में सुधार की जो प्रक्रिया सेवानिवृत्त सीआईसी भवेश कुमार के पूरे कार्यकाल में निरंतर चली थी वह डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा के कार्यकाल में भी उत्तरोत्तर चलती रहेगी। बकौल उर्वशी, आरटीआई कानून की धारा 15 की उपधारा 4 द्वारा सूचना आयोग के कार्यों के साधारण अधीक्षण,निदेशन और प्रबंध के अधिकार राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त में स्वतंत्र रूप से निहित किये गए हैं और इन मामलों में अन्य सूचना आयुक्तों की भूमिका मुख्य सूचना आयुक्त के सहायक मात्र की है।

पीडीए को साथ लाकर भाजपा को हराना है : अखिलेश यादव

लखनऊ, चसं। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में पूरी तैयारी से जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि इस चुनाव से भारत का भविष्य तय होगा। अखिलेश ने कहा कि हमें पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों (पीडीए) के जरिये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना है। अखिलेश ने शनिवार को यहां सपा के प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) ने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है और इस चुनाव में भारत का भविष्य तय होना है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, अखिलेश ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की अग्नि परीक्षा है, इसलिए आज से ही सभी को चुनाव प्रचार में जुट जाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा 2024 लोकसभा चुनाव के बाद जनता को वोट का अधिकार भी नहीं मिलने देगी इसलिए आज से ही सभी को प्रचार में जुट जाना है।

ट्रंक बॉक्स खोल कर शुभम मंडल ने निकाला था पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- **यूपी एसटीएफने कड़ी पूंछताछ के बाद मेरठ से किया गिरफ्तार**
- **संविदा पर बिहार के कटिहार में पीएचसी बरारी में नियुक्त है चिकित्सक**

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर टीसीआई कम्पनी में रखे ट्रंक बाक्स को खोलकर गैंग सरगना को पेपर भेजना वाले डॉ. शुभम मण्डल को मेरठ यूनिट पूंछताछ बुलाया था।जहां से उसे आज गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया डॉ. शुभम मण्डल बिहार के पटना जिले के थाना खरगोल के मण्डल हाउस आदर्श कालोनी का रहने वाला है। एसटीएफने उसके पास से दो मोबाईल फोन बरामद किए। एडीजी एसटीएफने बताया उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र आउट होने की जांच यूपी एसटीएफकर रही है।

बीती पांच मार्च को एसटीएफने दीप उर्फदीपक और बिटटू व प्रवीण और रोहित उर्फ ललित तथा नवीन कुमार और साहिल मेरठ क्षेत्र से तथा बारह मार्च को महेन्द्र को थाना कोतवाली जींद हरियाणा से तथा चौदह मार्च को अभिषेक कुमार शुक्ला व शिवम गिरि और रोहित कुमार पाण्डेय को थाना विजयनगर गाजियाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया था।पकड़े गए इन सभी ने एसटीएफको पेपर लीक मामले में डा0 शुभम मण्डल की संलिप्तता बताई गई। इसने टीसीआई कम्पनी के अन्दर रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र पत्र निकाला था।पंद्रह मार्च को उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र आउट होने की जांच कर रही एसटीएफने पूछताछ करने के लिए डा0 शुभम मण्डल को एस0टी0एफ0 की मेरठ यूनिट बुलाया गया था।एसटीएफके एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि डा0 शुभम मण्डल वर्ष-2021 में नालंदा मेडिकल कालेज एमबीबीएस किया है। वर्तमान में संविदा पर पीएचसी बरारी जनपद कटिहार बिहार में बतौर चिकित्सक नियुक्त है।डा0 शुभम मण्डल के बचपन का साथी बिटटू पटना मेडिकल कालेज से वर्ष-2021 में एमएमबीएस किया है।वर्ष-2017 में डा0 शुभम मण्डल और बिटटू नीट के पेपर लीक मामले में थाना पत्रकार नगर पटना बिहार से जेल गये थे। बिटटू ने डा0 शुभम मण्डल को बताया था कि जिस ट्रंक बॉक्स में प्रतियोगी परीक्षा का पेपन रखा जाता है उसे वह बड़ी सफाई से खोल देता हैं। एडीजी एसटीएफने बताया कि बिटटू ने डा0 शुभम से अपने दोस्त रवि अत्री से मुलाकात कराया और बताया कि यह भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का पेपर लीक कराता है।यदि कभी किसी काम की जरूरत पडे तो इससे सम्पर्क करना तुम्हे भी कुछ फायदा हो जायेगा। जिसके बाद रवि और शुभम आपस में बात करते रहे।डा0 शुभम मण्डल को रवि अत्री ने फोन किया और कहा कि यू0पी0 पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आने वाला है। जिसे आउट कराना है। बिटटू से ट्रंक बॉक्स खोलना सीख लो और जैसे ही मुझे पेपर की सूचना मिलेगी बताऊँगा। यदि ट्रंक बॉक्स खोलना सीख लिए तो आपको बहुत पैसा मिलेगा।

एडीजी एसटीएफ ने बताया कि बीती पांच फरवरी को रवि अत्री ने डा0 शुभम मण्डल के फोन किया और बोला कि अहमदाबाद में एक पेपर आया है जिसका सिर्फ पेपर बॉक्स खोलकर पेपर निकालना है।जिसके लिये 5 लाख रूपये दूंगा। इस बात पर डा0 शुभम मण्डल तैयार हो गया और उसी दिन रवि अत्री ने पटना से अहमदाबाद की फ्लाईट टिकट बुक करके बुला लिया।अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उसे लेने के लिये रवि अत्री और अभिषेक शुक्ला और राजीव नयन मिश्रा आये। वहां से कार द्वारा टीसीआई कम्पनी खेडा, अहमदाबाद रात्रि में साढ़े ग्यारह बजे पहुँचे जहाँ टीसीआई कम्पनी में काम करने वाले दो व्यक्ति रोहित पाण्डेय और शिवम गिरि मिले।रवि अत्री के कहने पर राजीव नयन मिश्रा ने डा0 शुभम मण्डल को अपना मोबाईल फोन दिया तथा कहा कि रोहित पाण्डेय व शिवम गिरि के साथ टीसीआई कम्पनी के अन्दर जाकर वहां पर रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर उसमें रखे पेपर निकालकर उनका फोटो इस मोबाईल में खीच लेना।डा0 शुभम मण्डल को शिवम गिरि व रोहित पाण्डेय टीसीआई कम्पनी में खिड़की से सीसीटीवी कैमरों की नजर से बचाते हुये ट्रंक बॉक्स रखे स्थान पर ले गये। वहां से दो ट्रंक बॉक्स को उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर डॉ. शुभम मण्डल ने पेचकश और प्लास व सूजे की मदद से पीछे से खोलकर उनमें रखे दो कोड का पेपर निकालकर पैकेट को ब्लेड से काटकर पेपर निकाला तथा राजीव नयन द्वारा दिये गये मोबाइल फोन में उन दोनों कोड के पेपर की फोटो खीच लिया। पेपर पुनः पैकेट में रखकर पारदर्शी टेप से चिपकाकर ट्रंक बॉक्स में रखकर बॉक्स को पीछे से बन्द कर उसी स्थान पर रख दिये और बाहर आया तथा राजीव नयन मिश्रा का फोन उसे वापस कर दिया।

नई वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु लखनऊ जं. और देहरादून के बीच हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत सेवा की विस्तृत समय–सारणी निम्नानुसार होगीः–

गाड़ी सं. 22545/22546 लखनऊ जं.–देहरादून–लखनऊ जं.
वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में छः दिन –सोमवार छोड़कर)

गाड़ी सं. 22545 आगमन	गाड़ी सं. 22545 प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 22546 आगमन	गाड़ी सं. 22546 प्रस्थान
—	05:15	लखनऊ जं.	22:40	—
08:33	08:35	बरेली जं.	19:03	19:05
09:52	09:57	मुरादाबाद जं.	17:40	17:45
12:10	12:15	हरिद्वार	15:26	15:31
13:35	--	देहरादून	--	14:25

शुभारंभ की तिथिः 22545 लखनऊ जं. से और 22546 देहरादून 26.03.2024 से
स्थानः एग्जीक्यूटिव चेयर कार और चेयर कार।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

860/24
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जो हर जगह, हर जीव-मनुष्य में ईश्वर को देखता है, सबके हित में लगा रहता है, उस पर परमपिता अवश्य कृपा करते हैं, ज्ञान मार्ग हो या भक्ति मार्ग, समर्पण-प्रेम-विश्वास ही आपको ईश्वर के प्रकाश की ओर ले जाता है, भगवान की पूजा बहुत से लोग करते हैं लेकिन उनको शांति नहीं मिलती : गीता

संपादकीय

एक साथ चुनाव

ऐसे वक्त में जब लोकसभा चुनावों की घोषणा होने को है पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली एक समिति ने 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। कोविंद समिति ने इस योजना के मद्देनजर दो चरणों की सिफारिश की है। पहला लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव करवाना, दूसरा सौ दिनों के भीतर नगरपालिकाओं और पंचायतों का चुनाव कराना। समिति ने शासन के तीनों स्तरों के चुनाव में उपयोग के लिये एक मतदाता सूची और मतदाता फोटो पहचान पत्र की भी सिफारिश की है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में चुनावी खर्च घटाने, सरकारी संसाधनों की मितव्ययता ,सुरक्षा बलों का कुशलता से उपयोग सुनिश्चित करने तथा प्रभावी नीति नियोजन के लिये संसद, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिये एक साथ चुनाव के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी थी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कहा गया था कि वह इस मुद्दे पर विभिन्न हितधारकों के मध्य आम सहमति बनाने का पुरजोर प्रयास करेगी। कोविंद समिति का कहना है कि इस दौरान देश के सैंतालीस राजनीतिक दलों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के बाबत अपने विचार रखे। दावा किया जा रहा है कि इन दलों में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराये जाने के सुझाव का समर्थन किया। निश्चित रूप से यह एक बड़ी चुनौती है कि साल भर देश के किसी न किसी राज्य में विधानसभाओं के चुनाव होते रहते हैं। जिसके चलते जहां चुनावी खर्च बेतहाशा बढ़ जाता है, वहीं नौकरशाही जनता के विकास कार्यों के बजाय चुनाव प्रबंधन में जुटी रही है। वहीं बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। ऐसे में पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के विचार को एक कारगर विकल्प के रूप में बताया जाता रहा है। लेकिन, इस विचार को अमली-जामा पहनाने में कई व्यावहारिक दिक्कतें भी हैं।निस्संदेह, आम चुनाव से पहले 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मामले को संबोधित करना भाजपा के एजेंडे का आखिरी बड़ा मुद्दा है। इसमें दो राय नहीं कि एक साथ चुनाव कराने के लिये एक सामान्य मतदाता सूची का विचार पहली नजर में लाभकारी नजर आ रहा है, लेकिन यह विचार अमल की चुनौतियों से मुक्त नहीं है। अकसर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदाता अलग-अलग मुद्दों पर मतदान करते रहे हैं। इनमें मतदान का प्रतिशत व रुझान भी भिन्न दिखायी देता है। मसलन, वर्ष 2014 और 2019 में दिल्ली में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सीटों पर सफलता प्राप्त की, लेकिन वहीं आम आदमी पार्टी ने वर्ष 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में उल्लेखनीय जीत हासिल की। विपक्षी दलों का आरोप है कि एक 'राष्ट्र, एक चुनाव' का मुद्दा भाजपा ने लोकसभा के साथ विधानसभा चुनावों में सफलता हासिल करने के लिये उछाला है। वे इसे केंद्र में सत्तारूढ़ दल की वोट हासिल करने की चाल बता रहे हैं। वहीं सवाल यह भी कि उन राज्यों में क्या स्थिति होगी, जहां पिछले दिनों विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए हैं। राजनेताओं की मांग है कि कोविंद समिति द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद इस विवादास्पद मामले में सर्वसम्मति बनाने के लिये सभी राजनीतिक दलों से बातचीत करनी चाहिए। निश्चित रूप से इतने बड़े देश में एक साथ चुनाव कराने के लिये व्यापक तैयारियों की जरूरत होगी। जिसके अंतर्गत चुनाव कराने में सहायक उपकरणों, चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों की व्यवस्था व सुरक्षा बलों की तैनाती से जुड़े सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है।

कांग्रेस इस बार उत्तर प्रदेश में शून्य पर सिमट सकती है

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। इसके अलावा अपना दल कमेराबादी और अन्य छोटे-छोटे दलों के साथ पार्टी गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतर रही है। गठबंधन के तहत सपा को 63 और कांग्रेस को 17 सीटें मिली है। दूसरी तरफ एनडीए में भी सीट बंटवारे का फार्मूला लगभग तय हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी 75, राष्ट्रीय लोक दल दो और अपना दल एस दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। एनडीए के साथ गठबंधन के तहत अब तक सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओम प्रकाश राजभर को एक सीट मिली है। निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद को भाजपा ने अपने टिकट पर एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जिस कांग्रेस का हमेशा अपर हैंड रहता था, वह अब दूसरों के रहम-ओ-करम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। प्रदेश में ना उसका वोट बैंक बचा है, ना नेता और संगठन। हाँ, यदि हवा-हवाई बातों से पार्टी को फायदा हो पाता तो जरूर यूपी में कांग्रेस टॉप पर होती, लेकिन ऐसा होता नहीं है। आज का मतदाता अपने नेताओं पर बारीकी से नजर रखता है। इस कसौटी में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप और गांधी परिवार पूरी तरह से नाकामयाब रहा है। कांग्रेस के विधान सभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के आंकड़े भी चुनाव दर चुनाव उसके जनाधार खिसकने के साक्षी हैं। यह गिरावट 1984 के बाद चार दशक में आई है। 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी 85 सीटों (तब उत्तराखंड की भी पांच सीटें शामिल) पर चुनाव लड़ी थी और 83 सीटों पर जीत हासिल की थी। भले ही तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के साथ जनभावनाओं का ज्वार था, जिसके सहारे पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रदर्शन के शिखर को छुआ। यह वह दौर था जब राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का एकछत्र राज था और बीजेपी की एंट्री भर हुई थी, लेकिन उसकी राजनैतिक विचारधारा कांग्रेस से उलट थी। बीजेपी तुष्टिकरण की जगह हिन्दुत्व की बात करती थी। अयोध्या, काशी और मथुरा उसके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल थे, जिससे कांग्रेस हमेशा किनारा करती रही थी। वहीं क्षेत्रीय दलों के रूप में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जातिवादी राजनीति को आगे बढ़ा रहे थे। प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाई, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी। आज उसका जनाधार दो प्रतिशत में सिमट गया है।

दरअसल, प्रदेश में सपा व बसपा के उदय के साथ ही कांग्रेस पीछे होती गई और भाजपा की प्रखर हिंदुत्व वाली छवि ने उसकी राह और मुश्किल कर दी। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते थे। सपा के उदय के साथ मुस्लिम कांग्रेस से छिटक कर उसके पाले में चला गया। बसपा ने कांग्रेस के दलित वोट बैंक पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस से मोहभंग के बाद ब्राह्मणों ने भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड के अलग होने के बाद की बात की जाए तो कांग्रेस वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 80 सीटों पर लड़ी थी और 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले ढाई दशक में यह कांग्रेस का सर्वाधिक उत्साहित करने वाला प्रदर्शन था। इसके पीछे कांग्रेस की मनरेगा व खाद्य सुरक्षा को लेकर नीतियों की बड़ी भूमिका मानी गई थी। कांग्रेस केंद्र में दोबारा सरकार बनाने में सफल हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी साख को बचाए रखने में कामयाब नहीं रही। उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने के लिय पार्टी ने कई प्रयोग भी किए। राहुल गांधी को यूपी में पैर पसारने के लिये खुली छूट दी गई, इसके नतीजे उत्साहवर्धक नहीं आये तो प्रियंका वाड्रा को प्रदेश का प्रभारी भी बनाया गया, लेकिन बूथ स्तर पर कमजोर हुई पार्टी के सामने कार्यकर्ताओं में पुराना जोश भरना सपना ही रहा। उधर, कांग्रेसी नेता आपस में टांग खिंचाई करते रहे, जिसकी वजह से पार्टी में अंतरकलह भी बढ़ता गया। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश में 2009 का अपना प्रदर्शन दोहराने को तरसती ही रही। नेहरू-गांधी परिवार का उत्तर प्रदेश से गहरा रिश्ता होने के बाद भी पार्टी खोया दमखम नहीं जुटा सकी। पिछले चुनाव में कांग्रेस रायबरेली की एकमात्र सीट पर ही जीत का स्वाद चख सकी थी। पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी तक हार गये। जबकि रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी अबकी बार सदन में जाने के लिये राज्यसभा सदस्य बन चुकी हैं। इस बार वह भी चुनाव नहीं लड़ेंगी। ऐसे में कांग्रेस के सामने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई जमीन तलाशने के साथ ही परंपरागत सीट अमेठी व रायबरेली में अपनी साख को बचाए रखने की चुनौती से जूझ रही है। इससे निपटने के लिए पार्टी सपा से गठबंधन के तहत उसके हिस्से आई 17 सीटों पर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। प्रदेश मुख्यालय में वार रूम की स्थापना की गयी है और अमेठी व रायबरेली समेत 17 लोकसभा सीटों के 34 हजार बूथों पर एजेंट जुटाए जा रहे हैं। वार रूम के सदस्य संजय दीक्षित के अनुसार, 17 लोकसभा क्षेत्रों में अब तक 18 हजार बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं। शेष को भी जल्द नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा वार रूम के 10 डेस्क हेड भी बनाए गए हैं और सभी को आठ-आठ लोकसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रकार सभी 80 लोकसभा सीटों पर बूथ स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है। कुल मिलाकर यूपी से अपने नेताओं को संसद भेजने के लिये कांग्रेस को शून्य से सफर शुरू करना होगा और इसके लिये उसके सिर्फ 17 प्रत्याशी मैदान में होंगे। क्योंकि समाजवादी पार्टी ने गठबंधन धर्म निभाते हुए यूपी में कांग्रेस को 80 में से 17 सीटें देने के लायक ही समझा है। उधर, उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार की जा रही है। तमाम राजनीतिक दल अपनी तैयारियों को पूरा करा रहे हैं। जीत को लेकर अपने अपने दावे कर रहे हैं। जनता के मन में क्या है? इस पर तो चुनाव परिणाम के बाद ही निर्णय हो पाएगा। हालांकि, इससे पहले विभिन्न मीडिया चैनल और एजेंसियों के एग्जिट पोल सर्वे यूपी में विपक्ष की खराब स्थिति को दर्शा रहे हैं। अधिकांश एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल सर्वे में एक बार फिर यूपी की राजनीति में एक साथ आए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जोड़ी का कोई खास इफेक्ट होता नहीं दिखा रहे हैं। देश के सबसे बड़े राज्य यूपी की 80 लोकसभा सीटें केंद्र सरकार का निर्धारण करती रही हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इसको लेकर तमाम राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, लेकिन भाजपा के इस गढ़ को भेद पाना एक बार फिर मुश्किल होता दिख रहा है। तमाम सर्वे विपक्ष को 2 से तीन और एनडीए को 77 से 78 सीटें देते दिख रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर जीत की रणनीति तैयार की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ समाजवादी पार्टी पीडीए पॉलिटिक्स के जरिए बढ़त बनने की कोशिश करती दिख रही है।

:: एजेंसी

विद्यार्थियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम

वर्षों से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। मगर इस वर्ष हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के विद्यालयों में विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस के लिए पहले की तरह अनिवार्य रूप से ड्रिल के पीरियड का प्रावधान किया है। शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है, जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडना बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाड़ियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करते थे। छात्र विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है।

पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करते थे। छात्र विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था।

इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडऩे व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ-साथ उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा। तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को संपूर्ण शिक्षित कर सकते हैं।

:: एजेंसी

जेल जाने के फायदे

जेल जाने के फायदे इतने हैं कि आजकल जेल जाने की होड़ सी मची हुई है। एक सोचता है कि वह जेल चला गया तो मैं क्यों पीछे रहूं? इससे भ्रष्टाचार बढ़ता है और भ्रष्टाचार से होने वाले लाभों से तो आज हम सब परिचित हैं। तिहाड़ जेल तो मानो मंदिर बन गई है, जहां बड़े-बड़े वीवीआईपी डेरा डाले हुए हैं। कई बार तो मुझे वहम होता है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म तिहाड़ जेल में ही तो नहीं हुआ था? जेल जाने से व्यक्तित्व का विकास होता है और वह नए कृतित्वों की तरफ अग्रसर होता है। जेल जाना तीर्थयात्रा के समान है। अब आदमी जेल से लौटता है तो उसका सार्वजनिक अभिनंदन होता है। चुनाव में टिकिट मिलता है और चुनाव जीतकर व्यक्ति सांसद या विधायक का पद सुशोभित करता है। फिर इन्हीं में से देश को मंत्री और मुख्यमंत्री मिलते हैं। कई महारथी तो ऐसे हैं, जो हमारे यहां जेल से ही चुनाव जीत जाते हैं। इन कर्णधारों व भाग्यविधाताओं से ही देश चल रहा है।

जेल में जाने से बाल भी बांका नहीं होता, बल्कि जीवन का बाल-बाल संवर जाता है। घर में रोटी, कपड़ा और मकान की समस्या नहीं रहती। यह सारी व्यवस्था सरकार जेलयात्री को स्वयं प्रदान करती है। चोरी, डकैती, गबन, घोटाला और भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने से आर्थिक लाभ होता है और अर्थलाभ आज की दुनिया में सर्वोपरि है। आजकल भ्रष्टाचारी भी कम नहीं हैं, वे लाखों में नहीं, हजारों करोड़ों में हाथ साफ करते हैं। लोग हालांकि इसे काला कारनामा बताते हैं, लेकिन मैं नहीं मानता, क्योंकि भ्रष्टाचारी सदैव सफेदपोश रहता है। मुस्कान उसके चेहरे पर चिपकी रहती है और वह दनादन नोट छापता है और यह बात फायदे की श्रेणी में है। एक बार जेल जाने का सुख मुझे भी मिलने वाला था, लेकिन भगवान की कृपा हुई और मैं बच गया। डिपार्टमेंटल इनक्वायरी से ही बात टल गई। सच कहूं तो मैं भी छोटा-मोटा भ्रष्टाचारी हूं ही। मौका पाते ही जितना कुछ संभव होता है, उस पर हाथ साफ कर देता हूं। जेल जा आता तो उससे दिल और खुल जाता और मैं आगे नए पायदानों पर कदम बढ़ाता। पिताजी थोड़े पुराने खयालों के हैं, वे अक्सर कहते रहते हैं कि सब कुछ करो, लेकिन सावधानी से करो। जेल जाना ठीक नहीं है। अब मेरे पिताजी को कौन समझाए कि जेल जाना माल मारने के लिए कितना असेंशियल हो गया है। पिताजी जब पटवारी थे, तब चार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए थे और पूरे पांच साल निलंबित रहे थे। इसलिए वे भ्रष्टाचार में सावधानी पर जोर देते हैं। आज की तारीख में जेलों में जाकर देखो तो हजारों सफेदपोश कैद हैं और वहां भी सारी सुख-सुविधाओं का भोग कर रहे हैं। जेल प्रशासन भी हाड-मांस का बना है, उसे भी भूख लगती है और वे अपनी भूख इन्हीं भ्रष्टाचारियों के आसरे शांत करते हैं। इसलिए जेल जाने से डरना नहीं चाहिए। जेल जाने के फायदे एक नहीं, अनेक हैं। मैं इसी जुगाड़ में इन दिनों लगा हूं कि किसी न किसी तरीके से कम से कम एक बार जेल यात्रा कर आऊं। भगवान की कृपा रही तो मैं जल्द ही इस काम में सफल हो जाऊंगा। फिर अपनी पौबारह होगी। वहीं दूसरी ओर तिहाड़ जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर के लेटर ने एक बार फिर से सनसनी मचा दी है। इस बार सुकेश ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाया है। सुकेश ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल सुपरिंटेंडेंट के जरिए मुझे धमकियां भिजवा रहे हैं। इसके साथ ही मुझे मानसिक तौर पर परेशान कर रहे हैं। ठग सुकेश के इस लेटर से एक बार फिर से दिल्ली सरकार सवालों के घेरे में आ गई है। सुकेश चंद्रशेखर ने लेटर लिखते हुए आरोप लगाया कि साल 2020 में तत्कालीन जेल मंत्री सत्येंद्र जैन के कहने पर सुपरिंटेंडेंट को डेढ़ करोड़ रुपये दिए गए। उसके बाद अगले साल करीब 2 करोड़ की घड़ी दी गई।

चुनावों का इंतजार खत्म

लोकसभा चुनावों का इन्तजार खत्म होने को है। चुनाव आयोग आज इनके विस्तृत ब्यौरे की घोषणा कर देगा। लोकसभा के साथ ही चार राज्यों आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा व सिक्किम के भी चुनाव होंगे। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल 24 मई तक है अतः चुनाव आयोग की जिम्मेदारी होगी कि इससे पहले वह देशभर में चुनाव सम्पन्न करा कर नई लोकसभा के गठन का मार्ग प्रशस्त करे। निष्पक्ष व स्वतन्त्र चुनाव कराना चुनाव आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है इसके साथ ही उसका यह भी दायित्व है कि देश का प्रत्येक जायज मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके।

इस कार्य में हालांकि हर बार ही आयोग मुस्तैद नजर आता है और वह मतदाताओं से अधिकाधिक संख्या में वोट करने का अभियान भी चलाता है परन्तु फिर भी देशभर से ऐसे हजारों मामले सामने आ जाते हैं जिनमें मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब पाये जाते हैं जबकि उनके पास मतदाता कार्ड भी होता है। इस विसंगति को दूर करना भी आयोग का ही काम है। इस बार 2024 के चुनावों में देशभर में जायज मतदातों की संख्या 96 करोड़ से अधिक रहने की संभावना है। यह संख्या यूरोपीय महाद्वीप के विभिन्न देशों की जनसंख्या से भी ज्यादा है। इसी वजह से भारत के चुनावों को दुनिया बहुत हैरत से भी देखती है और इसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र भी बताती है लेकिन भारत के सबसे बड़ा लोकतन्त्र होने का एकमात्र यही कारण नहीं है बल्कि सबसे बड़ा कारण इसका स्वतन्त्र चुनाव आयोग माना जाता है जिसकी कार्यप्रणाली का अध्ययन करने दुनिया के कई देश आते रहते हैं। भारत के चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में ऊंचे पायदान पर रखकर इसी वजह से देखी जाती है क्योंकि हमारे संविधान में इसकी स्थिति एक ऐसे स्वायत्तशासी संस्थान की है जो अपना कार्य सीधे संविधान से शक्ति व अधिकार लेकर करता है और किसी भी सरकार से निरपेक्ष रहते हुए अपना दायित्व निभाता है। हकीकत तो यह है कि भारत में लोकतन्त्र की उर्वरा जमीन तैयार करने की जिम्मेदारी इसी की है क्योंकि यह भारत के आम आदमी को दिये गये एक वोट के संवैधानिक अधिकार का सबसे बड़ा संरक्षक है। हमारी व्यवस्था में मतदाता व चुनाव आयोग के बीच में कोई तीसरी शक्ति भी नहीं आ सकती। यही वजह है कि ईवीएम मशीनों को लेकर जो विवाद समय-समय पर पैदा होता रहता है उसका सीधा सम्बन्ध मतदाता व चुनाव आयोग के बीच ही रहता है। इसकी वजह यह है कि चुनाव आयोग संविधान की इस शर्त से बंधा हुआ होता है कि मतदान के समय प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय या लालच के अपने वोट का इस्तेमाल करेगा और उसके व वोट पाने वाले प्रत्याशी के बीच में कोई प्रकट या अदृश्य तीसरी शक्ति नहीं रहेगी। इसके अलावा चुनाव आयोग देश के राजनीतिक दलों की भी नियामक संस्था होती है। यह जिम्मेदारी भी उसी की होती है कि उसके द्वारा पंजीकृत प्रत्येक राजनैतिक दल भारतीय संविधान के दायरे में रह कर ही काम करे और सत्ता के लिए चुनावों में जद्दोजहद करे। सभी राजनैतिक दलों को एक नजर से देखना भी उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। अतः जब भी लोकसभा के चुनाव आते हैं तो पूरे देश में वह आदर्श आचार संहिता लागू करके सरकार के काबिज रहने के बावजूद पूरी प्रशासन प्रणाली को अपनी निगरानी में ले लेता है। आचार संहिता लागू होने से चुनाव पूरे होने तक यह व्यवस्था लागू रहती है हालांकि सरकार अपना जरूरी कामकाज करती रहती है मगर उसे कोई नीतिगत फैसला करने का अधिकार नहीं होता। अतः चुनाव आयोग के रुतबे का अंदाजा हम आसानी से लगा सकते हैं। इसी वजह से जब भी चुनाव आयोग को किसी भी सरकार द्वारा प्रभावित करने की अफवाहें या खबरें गर्म होती हैं तो देश के राजनैतिक माहौल में जलजला जैसा आ जाता है। क्योंकि चुनाव के मौके पर सत्ता व विपक्ष के सभी दलों के लिए एक समान परिस्थितियां उपलब्ध कराना भी इसका काम होता है जिसे 'लेवल प्लयिंग फील्ड' कहा जाता है। जहां तक राज्यों के चुनावों का सवाल है तो राज्य स्तर पर भी चुनाव आयोग वे सभी काम करता है जो लोकसभा चुनाव के मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर। स्वतन्त्र भारत में नब्बे के दशक तक चुनाव आयोग के अधिकारों को लेकर बहुत भ्रम की स्थिति बनी हुई थी।

बाबा साहेब अम्बेडकर जो चुनाव आयोग भारत को देकर गये थे उसके पास चुनावों के दौरान वे सभी ताकतें हैं जो किसी स्वतन्त्र व खुद मुख्तार संस्था के पास होती हैं। उसकी निगरानी में हर सरकारी महकमा खुद ब खुद आ जाता है और इस प्रकार आता है कि स्वतन्त्र न्यायपालिका भी इस दौरान बीच में कोई दखलन्दाजी नहीं करती।

:: चर्चित डेस्क

आज का राशिफल

मेषः- विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

वृषभः- मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

मिथुनः- आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

कर्कः- शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

सिंहः- आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

कन्याः- नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफसे लाभ होगा।

तुलाः- लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

वृश्चिकः- आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बच

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण

मतदान टीमों के साथ निरंतर सम्पर्क में रहें सेक्टर मजिस्ट्रेट : जिलाधिकारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी चुनाव के अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि बीएलओ ने 12डी फॉर्म वितरित कर दिया है। चुनाव दिवस की प्रक्रिया की चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि मॉक पोल तक केवल वही मशीन बदली जाएगी जो ख़राब होगी।

वास्तविक मतदान के दौरान यदि बीयू या सीयू ख़राब है तो पूरा सेट बदला जायेगा। यदि वीवीपैट ख़राब है तो केवल वीवीपैट बदला जायेगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान टीमों के साथ निरंतर संपर्क में रहें। चुनाव के दौरान प्रत्येक 2 घंटे में एमपीएस ऐप पर सूचनाएं भरी जानी हैं। मतदान प्रारम्भ होने की सूचना इसी ऐप के माध्यम से दी जानी है। आदर्श अचार संहिता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान कोई भी राजनीतिक कार्यक्रम बिना अनुमति के नही होगा। प्रचार के दौरान किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसके मकान या भूमि पर कोई झंडा, बैनर या पोस्टर नही लगाया जायेगा। धारा 144 का उल्लंघन करने पर संगत धारा में मुकदमा दर्ज किया जायेगा। किसी राजनीतिक दल द्वारा अन्य दल के उम्मीदवारों का पुतला नही जलाया जायेगा। आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। मतदान के दिन बूथ के अंदर किसी अधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित होगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने बूथों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी रखें। मतदेय स्थलों में मानक के अनुरूप सुविधाओं की जाँच कर सूचना निर्धारित प्रारूप पर भरकर अगले तीन दिन में प्रेषित की जाये। मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हरदोई लोकसभा के लिए सीएसएन कॉलेज व मिश्रिख लोकसभा के लिए आईटीआई परिसर निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्वाचन से जुड़े सम्बंधित अधिकारियों का नंबर अपने पास रखें। अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर कोई भी अधिकारी अवकाश पर नही जायेगा। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट का सहयोग करें। दोनों अधिकारी एक साथ भ्रमण करें। दोनों अधिकारी ईवीएम जमा होने तक साथ अवश्य रहें।

सुरक्षा में कोई चूक क्षम्य नही होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने एफएसटी व एसएसटी टीमों से किया संवाद

हरदोई, चसं। रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने एफएसटी व एसएसटी टीमों से संवाद किया। जिलाधिकारी ने कहा कि टीमों के सम्बंधित अधिकारी एक दूसरे से भली भांति परिचित हो लें। आचार संहिता लागू होते ही एफएसटी टीमे सक्रिय हो जाएं। दायित्वों के निर्वहन में कोई लापरवाही क्षम्य नही होगी। एसएसटी टीमे अपनी पाली में समय पर ड्यूटी पर पहुंचें। व्हाट्सऐप ग्रुप पर लगातार सक्रिय रहें। निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारियों के मोबाईल नंबर अपने पास रखें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। दायित्वों के निर्वहन में पूरी सतर्कता रखी जाये। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि एफएसटी टीमों में लगे पुलिस अधिकारी रिलीवर के आने पर ही अपना कार्यस्थल छोड़ें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अनुराग द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

आचार संहिता लगते ही हटे होर्डिंग्स

हरदोई, चसं। आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। शनिवार को निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी घोषणा किए जाने के बाद प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर आदि प्रचार सामग्रियों को हटवाना शुरू कर दिया।

बस स्टॉप बावन जगदीशपुर आदि जगहों पर राजनीतिक दलों के होर्डिंग को तेजी से हटाया जाने लगा। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों पर सरकार की उपलब्धियां बताने वाले कई बड़े-बड़े होर्डिंग्स भी उतार दिए गए। सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने वाले होर्डिंग्स भी उतरवा दिए गए हैं। बावन में भी प्रशासन हरकत में दिखा और होर्डिंग व बैनर जैसी राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री को उतरवाया। प्रचार सामग्रियों से पटे बस स्टॉप का नजारा बदल गया और सारे होर्डिंग्स और बैनर हटाए जाने का अभियान शुरू कर दिया गया।

श्मशान घाट में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

कछौना/हरदोई। जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक हरदोई के कुशल निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी की निगरानी व क्षेत्राधिकारी बघौली के नेतृत्व में कोतवाली कछौना पुलिस एक चोरी की घटना का खुलासा करते हुये चार शातिर चोरों को चोरी के लोहे के भारी उपरकण सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बतातें चलें, ग्राम प्रधान पतसेनी मोहम्मद मुख्तार ने वुधवार को कोतवाली कछौना में एक तहरीर दी, जिसमें उन्होंने बताया सोमवार की रात में ग्राम पंचायत भीरीघाट स्थित शमशान घाट में लगे लोहे के उपकरणों (मशीन) को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है, इस सूचना पर स्थानीय पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 380 में मामला पंजीकृत कर लिया। इस चोरी की घटना के खुलासे हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों को गठित कर लगाया गया। कछौना पुलिस टीम कछौना कस्बे में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति कस्बे में स्थित बाबूलाल पुलिया के पास स्थित कबाडी के पास मौजूद है। जिनके पास कुछ सामान भी है।मुखबिर की इस सूचना पर कछौना पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुये तत्काल मौके पर पहुंचकर वहां पर मौजूद चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये व्यक्तियों ने श्याम (21) पुत्र लालता निवासी ग्राम भीरीघाट, मंजेश (20) पुत्र विद्याराम निवासी ग्राम भीरीघाट, शुभम (24) पुत्र युगल किशोर निवासी ग्राम भीरीघाट, रियासत अली (38) पुत्र हसमत अली निवासी इस्लामनगर कोतवाली कछौना बताया। जिनकी जामातलाशी में लोहे के भारी उपकरण बरामद हुए। अभियुक्तों ने सोमवार की रात को ग्राम भीरीघाट स्थित शमशान घाट में चोरी करने की बात स्वीकार किया है। इस चोरी के संबंध में कोतवाली में पहले से ही अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 380 के तहत मामला पंजीकृत है। पुलिस टीम द्वारा चारों अभियुक्तों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों के क्षेत्र में हुई अदला बदली

हरदोई, चसं। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने के इरादे से दो सर्किल ऑफिस, दो इंस्पेक्टर और दो सब इंस्पेक्टरों का तबदला किया है। जानकारी के मुताबिक, सीओ ऑफिस में तैनात सुनील कुमार शर्मा और सीओ बिलग्राम सत्येंद्र सिंह को इधर से उधर किया है। एसपी ने सीओ ऑफिस के अलावा रिट सेल, नारकोटिक्स सेल, अपराध शाखा, अभियोजन,एएचटीयू, जनसूचना सेल,किशोर इकाई,मॉनिटरिंग सेल और सम्मन सेल की ज़िम्मेदारी संभाल रहे सुनील कुमार शर्मा को सीओ बिलग्राम (बिलग्राम, साण्डी,माधौगंज, मल्लावां) बनाया है, जबकि सीओ बिलग्राम सत्येंद्र सिंह अब सीओ ऑफिस रहते हुए रिट सेल, नारकोटिक्स सेल, अपराध शाखा, अभियोजन,एएचटीयू, जनसूचना सेल, किशोर इकाई,मॉनिटरिंग सेल और सम्मन सेल की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने साइबर सेल में तैनात इंस्पेक्टर सुनील कुमार दुबे को साइबर सेल का प्रभारी बनाया है, जबकि सर्विलांस सेल और साइबर सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष सिंह सर्विलांस सेल की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। इसी तरह पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह को यूपी-112 और पुलिस लाइन में ही तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेश चन्द्र यादव को लोनार थाने में तैनात किया है। कासिमपुर थाने में तैनात हेड कांस्टेबिल बलराम सिंह व राम आसरे यादव को सण्डीला कोतवाली के लिए रवाना किया गया है। माधौगंज में तैनात कांस्टेबिल वरुण कुमार और अरवल में तैनात कांस्टेबिल दीपांशु को यूपी-112 में तैनाती दी गई है। पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबिल सुमित त्यागी को यूपी-112 व कांस्टेबिल गगन को मल्लावां कोतवाली में तैनात किया गया है। वहीं महिला कांस्टेबिल अन्नू रानी को सवायजपुर से महिला थाना व नेहा शर्मा को पाली से कासिमपुर थाने भेजा गया है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बघौली/हरदोई, चसं। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नकुडा के पास नहर के किनारे दक्षिण दिशा में शीशम के पेड़ में अज्ञात कारणों के चलते सन्दीप पुत्र स्वा श्री पाल उम्र 25 वर्ष निवासी ज्वार मजरा कसमण्डी ने मोफलर की मदद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार सन्दीप वर्मा पुत्र स्व श्री पाल वर्मा निवासी ज्वार पुरवा मजरा कसमण्डी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सुबह ग्रामीण में शव को पेड में लटका देखा वहाँ पर तमाम लोगों ने इकट्ठा हो गए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी ग्राम प्रधान द्वारा थाना अध्यक्ष बघौली को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है।

सण्डीला में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। तहसील सण्डीला संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिनमें 124 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

ज्यादातर शिकायतें जमीन के विवाद से संबंधित प्राप्त हुई, जिनके जल्द निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया है। उपजिलाधिकारी तान्या सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। हालाँकि तहसील में आयोजित इस कार्यक्रम में हरदोई जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह नहीं पहुंचे, जिसके चलते कई फरियादी मायूस भी हुए। उपजिलाधिकारी तान्या सिंह ने समस्त तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को आनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा कुमारी,नायब तहसील दार एवं समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम एसपी ने वेयर हाउस में देखी व्यवस्था होर्डिंग बैनर को हटवाने का काम शुरू

चर्चित राजनीति। संवाददाता

उन्नाव। 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले कई माह से राजनीतिक पार्टियों तैयारी में जुटी थी और प्रचार प्रसार कर रही थी। लेकिन शनिवार को शाम 3 बजे चुनाव आयोग की तरफसे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से अब चुनाव की तैयारी तेजी से शुरू कर दी गई हैं। डीएम एसपी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की है और वेयरहाउस में पहुंचकर स्ट्रांग रूम को देखा है, साथ ही निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया है। उन्नाव जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह, आज शनिवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। जहां पर मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी कार्यों को पूरा किया जाए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, चुनाव कार्यालय परिसर में किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश नहीं होगा। इसके साथ ही प्रभारी नोडल अधिकारी को चुनाव से संबंधित आवश्यक जानकारी और दिशा निर्देश दिए हैं।

इसके बाद डीएम, एसपी दही चौकी स्थित एफसीआई में बने स्ट्रांग रूम पहुंचे, वहां उन्होंने ईवीएम संबंधित जानकारी हासिल की है और कहा यहां सीसीटीवी की निगरानी 24 घंटे रहेगी और कर्मचारी भी मुस्तैद रहेंगे, किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होगी लोकसभा चुनाव को चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार सकुशल संपन्न करना है। डीएम ने बताया कि राजनीतिक पार्टियों को भी निर्देश दिए गए हैं, प्रचार प्रसार पर रोक लगी है, चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही उन्हें प्रचार प्रसार करने की अनुमति दी जाएगी, कहीं पर भी होर्डिंग बैनर नहीं लगाए जाएंगे। जो पहले से लगे हैं उनको हटाने का काम किया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उन्नाव में चुनाव की तैयारी पुलिस महकमें में तेजी से शुरू हो गई हैं। चुनाव कार्यालय की ओर से जनपद के सभी पोलिंग बूथ का डाटा एकत्र कर लिया गया है। संवेदनशील अतिसंवेदनशील समेत अन्य पोलिंग बूथ को भी चिन्हित कर लिया गया है। जिले में 1680 मतदान केंद्र और 2498 मतदेय स्थलों पर लोकसभा चुनाव की वोटिंग होगी। जिसमें सदर विधानसभा में 203 मतदान केंद्र और 399 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। बांगरमऊ विधानसभा में 268 मतदान केंद्र और 391 मत देय स्थल बनाए गए हैं, सफीपुर विधानसभा में 289 मतदान केंद्र और 409 मतदेय स्थल हैं। वहीं मोहान विधानसभा में 281 मतदान केंद्र और 401 मतदेय स्थल है। पुरवा विधानसभा में 299 मतदान केंद्र और 466 मतदेय स्थल हैं साथ ही भगवंत नगर विधानसभा में 340 मतदान केंद्र और 461 मतदेय चिन्हित किए गए हैं। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पिछले चुनाव में खलल डालने वाले आपराधिक लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है उन पर गुंडा, गैंगस्टर और हिस्ट्रीसीट खोलने की कार्रवाई भी की जा रही है। जिससे 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो और चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

धर्मांतरण के आरोपी की नहीं हुई गिरफ्तारी

उन्नाव, चसं। उन्नाव की गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ऋषि नगर में रहने वाले एक युवक के बेटे को कानपुर में ईसाई मिशनरियों द्वारा अपने जाल फंसाकर धर्मांतरण करा दिया। इसके बाद पिता ने कानपुर और गंगा घाट थाने में मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन 4 माह बीतने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी न होने पर उसने इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई और आज डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। डिप्टी सीएम ने मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई के आश्वासन की बात कही है। जानकारी के अनुसार, गंगा घाट थाना क्षेत्र के रहने वाले अखिलेश शुक्ला ने बताया कि कानपुर में ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित स्कूल की 43 महिला शिक्षिकाओं ने अपने प्रेम जाल में फंसा कर उनके बेटे को धर्मांतरण करा दिया। जब उन्हें बाद में जानकारी भी तो उन्होंने कानपुर के कैंट थाने में इसका मुकदमा दर्ज कराया और कार्रवाई की मांग की। 16 नवंबर 2023 को दर्ज हुए मुकदमे में अब तक गिरफ्तारी न होने से परेशान थे। इसके बाद गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र में उनकी नाबालिग बेटी का पीछा करने और फोन पर धमकी देने को लेकर पिछले चार माह पहले मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीते दिनों उन्नाव पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में उन्होंने पहुंच कर शिकायत करने की बात कही तो पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दे दिया और समझा कर मामला शांत करा दिया था। उधर पीड़ित ने इच्छा मृत्यु के गुहार भी लगाई थी बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी के साथ पीड़िता का पिता डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के पास पहुंचे और उन्होंने मामले की शिकायत की।

किसान का पेड़ पर लटका मिला शव

उन्नाव, चसं। जनपद के अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव के मचखोरिया मोहल्ला के रहने वाले किसान का शनिवार सुबह संदिग्ध हालत में पेड़ पर फाइन बेल्ट के सहारे फंदे पर शव लटका मिला। शाम को किसान मवेशियों से खेत की रखवाली करने के लिए गया था। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना हड़हा गांव के मचखोरिया मोहल्ला के रहने वाले राम शंकर उर्फलालू का बीस वर्षीय बेटा प्रमोद लोध उर्फप्रीतम शुक्रवार शाम मवेशियों से पकी खड़ी गेंहू की फसल की रखवाली करने खेतों पर गया था। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में नीम के पेड़ में बेल्ट से उसका शव लटकता देखा गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर अचलगंज थाना प्रभारी संजीव कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर आवश्यक कार्रवाई की है।

मृतक अविवाहित प्रमोद पांच भाई व दो बहनों में पांचवें नंबर का था। मौत को लेकर मां गोमती और भाईयों में दिनेश, उमेश, नारेंद्र व पिन्टू तथा शादीशुदा बहन राखी और अविवाहित ज्योति रो-रोकर बेहाल होती रही।

संक्षिप्त समाचार

महिला का कमरे के अंदर पंखे से लटका मिला शव

हरदोई, चसं। महिला का कमरे के अंदर पंखे से लटकता हुआ देखा गया। महिला के भाई का आरोप है कि बहनोई उसकी बहन को आए दिन मारता-पीटता था। आरोप है कि उसी ने हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लिया और उसके आस-पड़ोसियों से पूछताछ की। बताया गया है कि शनिवार की सुबह कोतवाली देहात के प्रगतिनगर निवासी राजेश उर्फ पंकज की 35 वर्षीय पत्नी अनुराधा का शव कमरे के अंदर पंखे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। अनुराधा की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी,उसके भाई अरुण निवासी जरौली शेरपुर ने बताया कि शुक्रवार की रात को बहनोई राजेश उर्फ पंकज ने उसकी बहन को काफी मारा-पीटा था, जिस बारे में उसने फोन पर बताया भी था।

अरुण का आरोप है कि उसका बहनोई आए दिन उसकी बहन को मारता पीटता रहता था। उसी ने हत्या कर शव को लटका दिया, ताकि उसे आत्महत्या समझा जा सके। इसका पता चलते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए आस-पड़ोसियों से पूछताछ की। साथ ही सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। वहीं एसएचओ कोतवाली देहात अनिल सैनी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सोलर लाइट से बैट्री चोरी करते हुए सीसीटीवी में दो चोर कैद

मल्लावां/हरदोई, चसं। गांव चौराहे पर बाजार हाट की लगी सोलर लाइट का बैट्री चोर चोरी कर ले गए। बैट्री चोरी करने का वीडियो सीसी टीवी कैमरे में कैद हुआ है। शुक्रवार की रात को नयागांव चौराहे पर लगी सोलर लाइट की बैटरा रात में अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सोलर लाइट के पड़ोस की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने का वीडियो कैद हो गया। फुटेज में दो युवक चोरी करते हुए। दिखाई दे रहे है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खास बात यह है कि चौराहे पर ही पुलिस पिकेट लगती है। बैट्री चोरी होने की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। और चोर बैट्री चोरी कर ले गए। ऐसे में पुलिस की निष्क्रियता की बात कर रहे हैं।

नवांगतुक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने संभाला चार्ज

कछौना(हरदोई), चसं। जनपद रायबरेली से स्थानांतरित होकर जनपद हरदोई में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी को विकास खण्ड कछौना की जिम्मेदारी सौंपी। जिसके अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर पहुंचकर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर शिक्षकों ने उपस्थित होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट करते हुये उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि किसी भी शिक्षक का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा और शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण तत्काल कर दिया जाएगा तथा मेडिकल लीव, मैटरनिटी लीव व आकस्मिक अवकाश उसी दिन एप्रूव कर दिये जाएंगे जिससे उपस्थिति लॉक करते समय प्रधानाध्यापक के सामने कोई समस्या न उत्पन्न होने पाए।

सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश को लेकर तिथियों में आंशिक संशोधन

हरदोई, चसं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कछौना एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय चठिया धनवार शाहाबाद हरदोई मे शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6, 7, 8 व 9 में पूर्व लिखित परीक्षा कार्यक्रम में शासन द्वारा आंशिक संशोधन करते हुये आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं प्रवेश परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 18 मार्च एवं प्रवेश परीक्षा आयोजन की तिथि 28 मार्च 2024 निर्धारित की गयी है।

जाम से निजात दिलाने सड़क पर उतरे अफसर

उन्नाव, चसं। कानपुर लखनऊ हाईवे स्थित गदन खेड़ा बाईपास के पास ओवरब्रिज का काम होने से रोजाना हाईवे पर भीषण जाम लग रहा है, जिसे देखते हुए उन्नाव डीएम, एसपी, पीडब्ल्यूडी और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान जाम से निजात दिलाने के लिए अफसर ने मंत्रणा की। डीएम ने कहा है कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उनका समय से पूरा कर लिया जाए। इसके लिए दिशा निर्देश दिए हैं, जहां पर भी बजट की कमी है वहां क्रिटिकल गैप्स के तहत पैसा दिया जाएगा और काम को पूरा कराया जाएगा। शहर के मुख्य गदन खेड़ा बाईपास पर इन दिनों ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को लेकर हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन के कारण रोजाना घंटे जाम लग रहा है। जाम एक बड़ी समस्या है और लगातार उन्नाव समेत इस मार्ग से सफर करने वाले लोगों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। इसके बाद उन्नाव डीएम गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ गदन खेड़ा बाईपास पहुंचे। यहां उन्होंने कार्य का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने मौजूद माता को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गदन खेद, दही थाना दोनों चौराहे पर 200 मीटर तक चारों ओर चौड़ीकरण करने के निर्देश दिए। वहीं डीएम ने एनएचआई व पुलिस से जाम को लेकर जवाबदेही तय की है। डीएम ने 15 दिनों के अंदर लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे मरम्मत करने के साथी डिवाइडर बनाने के चेतावनी दी है। डीएम ने कहा की गदन खेड़ा पर बना रहे ओवर ब्रिज को मई माह में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद यह जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। फिलहाल जाम में लोग न फंसे इसके लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है।

आजम खान सीतापुर जेल से रामपुर कोर्ट रवाना, एमपी-एमएलए कोर्ट में होगी पेशी

सीतापुर, चसं। सीतापुर जिला कारागार में बंद सजायाफ्ता कैदी और पूर्व मंत्री आजम खान कड़ी सुरक्षा के बीच रामपुर के लिए रवाना हो गए हैं। एमपी एमएलए कोर्ट में आज होने वाली पेशी के लिए आजम खान को कई सुरक्षा के बीच वज्र वाहन से जेल कर्मियों और पुलिस सुरक्षा के बीच ले जाया गया है। जेल में बंद होने के दौरान आजम खान तीसरी बार पेशी के लिए रामपुर रवाना हुए हैं। पुलिस आजम को व्रज वाहन में पर्दे के पीछे छिपाकर रामपुर ले गयी है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को रामपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 की सजा सुनाई थी।

सुरक्षा कारणों के चलते 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर जिला कारागार से सीतापुर जिला कारागार में आजम खान को शिफ्ट किया गया था। वहीं तंजीम फातिमा को रामपुर तो बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट किया गया था। जेल में बंद होने के बाद आजम खान से उनके बेटे अदीब और पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता सहित अन्य लोगों ने लगातार जेल में मुलाकात की थी।

संक्षिप्त समाचार

जी एंटरटेनमेंट में तीन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को शेयरधारकों की मंजूरी

नयी दिल्ली, एजेंसी। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयरधारकों ने कंपनी के निदेशक मंडल में तीन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) के शेयरधारकों द्वारा डाक मतपत्र प्रक्रिया के माध्यम से उत्तम प्रकाश अग्रवाल, शिशिर बाबूभाई देसाई और वेंकट रमण मूर्ति पिनिसेट्टी की नियुक्ति की मंजूरी के लिए विशेष प्रस्तावों को बहुमत से पारित किया गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि सभी तीन विशेष प्रस्तावों को वैध मतों की कुल संख्या का 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुआ। जील ने बयान में कहा,15 मार्च 2024 को संपन्न दूरस्थ ई-वोटिंग प्रक्रिया का यह परिणाम कंपनी के निदेशक मंडल में शेयरधारकों के विश्वास को दर्शाता है।ष

डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय सीमा पर कायम

नयी दिल्ली, एजेंसी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है। फेडरेशन ऑफइंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया किया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने एफआईए को भेजे एक पत्र में कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित एफडीटीएल सीएआर को लागू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसके अलावा, एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं। संशोधित मानदंडों में पायलटों के लिए साप्ताहिक आराम का समय बढ़ाकर 48 घंटे करने और रात के संचालन के दौरान लैंडिंग की संख्या को दो तक सीमित करने का प्रावधान है।

गर्मियों में महंगा होगा फ्लाइट का सफर

नयी दिल्ली, एजेंसी। मार्च में होली और गुड फ्राइडे जैसे लॉन्ग वीकेंड के अलावा अप्रैल-जून में गर्मी की छुट्टियों में हवाई यात्रियों की संख्या बीते साल से 30-40 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। ट्रैवल एजेंसियों और बुकिंग प्लेटफॉर्म्स के डेटा के मुताबिक, अप्रैल-जून के लिए सर्च और बुकिंग 150 फीसदी तक बढ़ गई है। इसके चलते अलग-अलग मार्गों पर हवाई किराया 10-60 फीसदी तक बढ़ गया है। मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागो के मुताबिक, गर्मियों में गोवा हमेशा की तरह फेवरेट डेस्टिनेशन है। इसके अलावा श्रीनगर उदयपुर, जयपुर, पुरी, वाराणसी के लिए भी बुकिंग बढ़ रही है। क्लियर ट्रिप के चीफबिजनेस ऑफिसर प्रहलाद कृष्णमूर्ति ने बताया कि अप्रैल-जून में हवाई किराया और बढ़ सकता है। अप्रैल में मुंबई से दिल्ली के लिए एयर इंडिया की फ्लाइट का किराया 5362-6469 रुपए के बीच है, जबकि मई के लिए इसी रूट का किराया करीब 40-60 फीसदी बढ़कर 7861-10629 हो गया है। गर्मियों के लिए बीते साल से पूछताछ और बुकिंग में 150 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि हवाई किराया 2023 में देखे गए पूर्व-कोविड स्तरों से 60-70 फीसदी बढ़ गया है। इसके बावजूद ट्रैवलर्स के बीच इस साल फ्लाइट और होटलिंग, दोनों में खर्च की मजबूत इच्छाशक्ति नजर आ रही है।

विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ा उछाल, 10.47 अरब डॉलर बढ़कर इतने पर पहुंचा

नयी दिल्ली, एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ा उछाल आया है। आपको बता दें कि विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में 10.47 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.626 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.121 अरब डॉलर बढ़कर 562.352 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 50.716 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.211 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.817 अरब डॉलर हो गई।

सीसीआई ने गूगल के ऐप स्टोर बिलिंग की जाँच के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने शुक्रवार को अल्फाबेट की इकाई गूगल की जाँच का आदेश दिया। टेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी पर देश के ऑनलाइन बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाने का आरोप है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, सीसीआई ने आदेश में कहा कि गूगल ने कथित तौर पर अपने ऐप स्टोर में अनुचित शर्तें और भेदभावपूर्ण प्रथाएँ लागू कीं, जिससे देश के एंटीट्रस्ट कानून के कई प्रावधानों का उल्लंघन हुआ। कई भारतीय ऐप डेवलपर्स और उद्योग समूहों ने गूगल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और अतीत में उसकी अनुचित प्रथाओं के बारे में चिंता जताई थी। सीसीआई की जाँच शाखा को जाँच पूरी करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। गूगल ने पिछले महीने अपनी बिलिंग नीतियों का अनुपालन नहीं करने की बात कहते हुए 10 भारतीय डेवलपर्स के 100 से अधिक ऐप्स हटा दिए थे।

विश्वकप क्वालिफायर के लिए 5 मिनर्वा प्लेयर्स भारतीय टीम में

चर्चित राजनीति। एजेंसी

चंडीगढ़। फीफा वर्ल्डकप 2026 क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम तैयार है और मिनर्वा के 5 प्लेयर्स को भी इसमें जगह दी गई है। भारत को मैच में अफगानिस्तान का सामना करना है। सिटी के अनवर अली, जैक्सन सिंह, अनिरुद्ध थापा, मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह को इसमें मौका नहीं दिया गया है। ये प्लेयर्स अनुभवी हैं और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। इन पांचों प्लेयर्स ने काफी फुटबॉल खेला है और नेशनल जर्सी में वे तिरंगे की शान बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

भारतीय फुटबॉल में मिनर्वा एकेडमी का योगदान लगातार बढ़ रहा है, उनके 227 खिलाड़ी अलग अलग एज कैटेगरी में भारतीय टीम की ओर से खेल चुके हैं। इनमें से 13 खिलाड़ियों ने सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया है, जो भारतीय फुटबॉल प्रतिभा के विकास पर मिनर्वा एकेडमी के प्रभाव को दर्शाता है। टीम में शामिल किए गए अनवर अली की कहानी सभी के लिए एक मिसाल की तरह है। अपनी अविश्वसनीय वापसी की कहानी और बैक लाइन में ठोस प्रदर्शन के कारण प्रेरणा रहे। अर्जेंटीना अंडर-20 के खिलाफ स्कोरिंग से लेकर भारतीय सीनियर नेशनल टीम के लिए एएफसी एशियन कप क्वालीफायर में स्कोरिंग तक, अनवर अली देश के लिए एक रत्न रहे हैं। दूसरी ओर, जैक्सन सिंह अंडर-17 स्तर पर फीफा विश्व कप में भारत के पहले गोल स्कोरर हैं, जो सेंटर डिफेंसिव मिडफील्ड एरिया में अपनी प्रभावी उपस्थिति के कारण

कौशल प्रदर्शन के लिए तैयार

प्रशंसकों के पसंदीदा हैं। अनिरुद्ध थापा ने अपने असाधारण कौशल से भारत के मिडफील्ड में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि गोल स्कोरर मनवीर सिंह और विक्रम प्रताप सिंह टीम के लिए स्कोरिंग क्षमता लाते हैं। अनवर और अनिरुद्ध लगातार देश के चर्चित नाम रहे हैं। उन्होंने कोलकाता जायंट्स मोहन बागान सुपर जायंट्स की ओर से आईएसएल में शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले वे एफसी गोवा की ओर से खेले, जबकि थापा ने चेन्नइयन की ओर से लीग में सभी को प्रभावित किया। दूसरी ओर जैक्सन सिंह पिछले कुछ सीजन में केरला ब्लास्टर के अच्छे प्रदर्शन की कुंजी रहे हैं। मनवीर सिंह की प्रतिबद्धता और शानदार प्रदर्शन मोहन बागान सुपर जाइंट के लिए ताकत रहे हैं। मनवीर ने हाल ही में भारत के पिछले विश्व कप क्वालीफायर मैच में कुवैत के खिलाफ एक शानदार जीत दिलाई थी। विक्रम प्रताप सिंह वर्तमान में मुंबई सिटी एफसी के लिए रेड हॉट गोल स्कोरिंग फॉर्म में हैं, राष्ट्रीय टीम के साथ अपना सफल प्रदर्शन जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। भारतीय फुटबॉल के लिए प्रतिभा विकसित करने की मिनर्वा एकेडमी की प्रतिबद्धता सराहनीय है, और राष्ट्रीय टीम में उनका योगदान महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है। ये 5 मिनर्वा स्टार्स वर्ल्ड लेवल पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं और वे देश को एक बड़ी जीत दिलाने की कोशिश करेंगे।

ट्वीट हटाने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को फिनटेक फर्म भारतपे के सह-संस्थापक और पूर्व प्रबंध निदेशक अशनीर ग्रोवर को 48 घंटे के भीतर कंपनी और उसके अधिकारियों के खिलाफ अपने ट्वीट हटाने का आदेश दिया। अदालत ने अशनीर को उनके उस ट्वीट को हटाने के लिए कहा, जिसमें उन्होंने भारतपे बोर्ड के अध्यक्ष और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार को छोटे लोग कहा था।

अशनीर ने एक्स पर पोस्ट किया था कि, एसबीआई चेयरमैन छोटे लोग लगते हैं। और उनके मूल में कुछ बहुत गलत है।

189 करोड़ रुपये के परिव्यय को मिली मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को घोषणा की कि मध्य प्रदेश के उज्जैन जंक्शन रेलवे स्टेशन और महाकालेश्वर मंदिर के बीच मौजूदा रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए 188.95 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है। मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित रोपवे तीर्थयात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगा, खासकर पीक सीजन के दौरान। साथ ही यात्रा का समय घटाकर सात मिनट रह जायेगा। रोपवे की क्षमता प्रतिदिन 64 हजार तीर्थयात्रियों को ले जाने की होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निवेश पर्यटन को बढ़ावा देगा और रोजगार के नए अवसर पैदा करते हुए परिवहन के पर्यावरण-अनुकूल साधन प्रदान करेगा। मंत्री ने कहा, परियोजना हाइब्रिड मोड के माध्यम से कार्यान्वित की जाएगी।

स्वीयाटेक का खिताबी मुकाबला सकारी से होगा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

वेल्स। वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने सेमीफाइनल में नंबर 31 सीड यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 6-2, 6-1 से हराकर परीबा ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली जहां उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 9 मारिया सकारी से होगा, जिन्होंने शिखर मुकाबले में पहुंचने के लिए शुक्रवार को कोको गॉफ को तीन कड़े सेटों में हराया। कोर्ट पर स्वीयाटेक का दबदबा स्पष्ट था और उन्होंने कोस्त्युक की अनियमित शुरुआत का फायदा उठाया।

कोस्त्युक के फिर से संगठित होने के प्रयासों के बावजूद, स्वीयाटेक ने पूरे मैच में सटीकता और नियंत्रण प्रदर्शित करते हुए अपनी गति बनाए रखी। पैर की चोट के कारण यूक्रेनी खिलाड़ी की चुनौतियाँ और भी जटिल हो गई थीं जिसके कारण मेडिकल टाइमआउट करना पड़ा, जिससे स्थिति स्वीयाटेक के पक्ष में और अधिक झुक गई।स्वीयाटेक ने टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में अपना कौशल दिखाते हुए, कोर्ट पर केवल 69 मिनट के बाद जीत पक्की कर ली। स्वीयाटेक की फाइनल तक की यात्रा एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, क्योंकि वह 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद इंडियन वेल्स फाइनल में पहुंचने वाली पहली नंबर 1 सीड खिलाड़ी बन गई हैं। एक त्रुटिहीन प्रदर्शन के साथ, स्वीयाटेक को एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने कोस्त्युक के खिलाफ छह अवसरों में पांच बार ब्रेक लेकर अपना दबदबा दिखाया। यह जीत इस साल स्वीयाटेक के प्रभावशाली रिकॉर्ड में शामिल हो गई है, जो दौरे पर उनकी 19वीं जीत है और डब्ल्यूटीए सर्किट पर अग्रणी खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। फाइनल पर नजर रखते हुए स्वीयाटेक का लक्ष्य पिछले महीने दोहा और दो साल पहले रोम में अपनी पिछली जीत के बाद अपने करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब हासिल करना है। दूसरे सेमीफाइनल में, दुनिया की 9वें नंबर की खिलाड़ी मारिया सकारी ने अपने लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए नंबर 3 सीड कोको गॉफ को तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7(5), 6-2 से हराकर अपने करियर में दूसरी बार फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

सकारी आमने-सामने की भिड़ंत में 3-2 से आगे हैं, लेकिन उन्होंने अपने पिछले तीन मुकाबलों में सीधे सेटों में जीत हासिल की है। पिछली बार ग्वाडलाजारा में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद सकारी ने पहली बार लगातार पांच जीत दर्ज की हैं। कौशल और दृढ़ संकल्प के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, सकारी ने 2 घंटे और 42 मिनट की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद जीत हासिल की, अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की और फाइनल में जगह सुरक्षित की।

गावस्कर ने रणजी खिलाड़ियों की सेलरी बढ़ाने की वकालत की

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से आग्रह करते हुए घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से जुड़े क्रिकेटरों के लिए पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वकालत की है। टेस्ट क्रिकेटरों को प्रोत्साहन देने के बीसीसीआई के हालिया कदम की सराहना करते हुए, गावस्कर ने राष्ट्रीय टीम के लिए प्राथमिक फीडर प्रणाली रणजी ट्रॉफी का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया। गावस्कर ने कहा, बीसीसीआई द्वारा खेलने वालों को पुरस्कृत करना एक अद्भुत बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि टेस्ट टीम के फीडर, जो कि रणजी ट्रॉफी है, का भी ध्यान रखा जाए।

अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे, और रणजी ट्रॉफी से बहुत कम लोग हटेंगे, क्योंकि अगर रणजी ट्रॉफी मैच खेलने की फीस एक अच्छी फीस है और विभिन्न कारणों से कम लोग बाहर निकलेंगे। गावस्कर ने ईशान किशन जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए अधिक फीस और घरेलू टूर्नामेंटों से खिलाड़ियों की कम निकासी के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट के लिए पुरस्कारों के संबंध में राहुल द्रविड़ की भावनाओं को दोहराया और खेले गए प्रथम श्रेणी मैचों की संख्या के आधार पर एक स्लैब प्रणाली का प्रस्ताव रखा। मुझे लगता है कि जब धर्मशाला में इसकी घोषणा की गई थी, तब राहुल द्रविड़ ने जो कहा था, वह इसे इनाम कहना चाहेंगे। वे सभी स्लैब प्रणाली के साथ खेलना चाहेंगे - हर 10 प्रथम श्रेणी मैचों में आपको इतना अधिक मिलता है। गावस्कर ने चैंप्स फाउंडेशन के एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, मैं बीसीसीआई से उस पहलू पर भी गौर करने का अनुरोध करूंगा, जिसके 25 साल पूरे हो गए हैं। रणजी ट्रॉफी खेलों के शेड्यूल को लेकर खिलाड़ियों द्वारा उठाई गई चिंताओं को संबोधित करते हुए, गावस्कर ने पर्याप्त आराम और रिकवरी के लिए मैचों के बीच लंबे अंतराल की वकालत की।

उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पुलआउट को कम करने के लिए जनवरी के बजाय अक्टूबर में रणजी सीज़न शुरू करने का सुझाव दिया, जिसके बाद दिसंबर के मध्य में सफेद गेंद वाले टूर्नामेंट होंगे। तीन दिन के अंतराल में, ऐसा होता है कि यात्रा के लिए बीच में शायद एक दिन होता है। यात्रा के दौरान, फिजियो के पास जाने का समय नहीं होता है। इसलिए, शायद थोड़ा सा अंतराल होना चाहिए ताकि खिलाड़ी को पर्याप्त समय मिल सके। मेरी निजी राय है कि अक्टूबर से मध्य दिसंबर तक रणजी ट्रॉफी आयोजित की जाए और फिर सफेद गेंद वाले टूर्नामेंट लाए जाएं। इस तरह, हर कोई खेलने के लिए उपलब्ध होगा सिवाय इसके कि जो भारत के लिए खेल रहे हैं। हटने का कोई वास्तविक बहाना नहीं होगा। जनवरी से शुरू होने वाले एकदिवसीय मैचों के साथ, जो लोग आईपीएल में हैं उन्हें तब से पर्याप्त अभ्यास मिल सकता है।÷

टी20 विश्वकप में फाइनल के लिए रिजर्व दिन होंगे

चर्चित राजनीति। एजेंसी

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को पुष्टि की कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में सेमीफाइनल और फाइनल के लिए आरक्षित दिन निर्धारित होंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इस आशय का निर्णय दुबई में आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक के दौरान लिया गया। पिछले संस्करणों में इस तरह के नियम की कमी पर काफी आलोचना का सामना करने के बाद आईसीसी ने भारत में आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 के फाइनल के लिए आरक्षित दिनों की शुरुआत की थी।

बैठक के दौरान,आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए खेल की शर्तों को भी मंजूरी दे दी और 2026 संस्करण के लिए योग्यता प्रक्रिया की घोषणा की, जिसकी सह मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। आईसीसी ने वार्षिक बोर्ड बैठक के बाद एक विज्ञप्ति में बताया कि इसके अलावा, आईसीसी ने निर्धारित किया है कि ग्रुप चरण और सुपर आठ चरण में मैच आयोजित करने के लिए दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को कम से कम पांच ओवर फेंकने की आवश्यकता होगी।

फार्मास्यूटिकल्स और मल्टीविटामिन ने एथलीटों की रिकवरी के मामले में अहम भूमिका निभाई

चर्चित राजनीति। एजेंसी

ऊटी। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ ने कहा है कि फार्मास्यूटिकल्स और मल्टीविटामिन ने एथलीटों की रिकवरी के मामले में भूमिका निभाई है और फार्मेसियां मानवीय गतिविधियों में भूमिका निभाएंगी क्योंकि वे विकसित हो रही हैं। . दाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि उन्होंने नमक लिया है जो दर्द को खत्म करने में मदद करता है। श्रीनाथ ने फार्मास्यूटिकल्स में वैश्विक सहयोग, सीमाओं को पाटना, बाधाओं को तोड़ना विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के मौके पर एएनआई को बताया और कहा कि कुछ दवाएं आराम देने वाली हैं जो खिलाड़ियों को भी मदद करती हैं।

एक खिलाड़ी के रूप में, हम दर्द निवारक दवाओं पर रहते हैं। मैं बहुत सारे साल्ट पर जी रहा हूं जो दर्द को खत्म कर देते हैं। यह अच्छा नहीं है लेकिन कभी-कभी आपको इसकी आवश्यकता होती है। इसके दुष्प्रभाव काफी कम हो गए हैं और कुछ दवाएं आराम देने वाली हैं। फार्मेसी यह जो भी गतिविधि हो सकती है उसमें एक भूमिका निभाएगा और यह विकसित हो रहा है, फार्मास्यूटिकल्स ने रिकवरी के मामले में एक बड़ी भूमिका निभाई है, और मल्टीविटामिन ने भी, उन्होंने कहा। श्रीनाथ ने 67 टेस्ट मैचों में 236 विकेट और 229 वनडे मैचों में 315 विकेट लिए। वह 2003 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम के सदस्य थे। श्रीनाथ वर्तमान में आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी का हिस्सा हैं और हाल ही में उन्होंने पल्लेकेले में भारत और नेपाल के बीच एशिया कप मैच में अपने 250वें पुरुष एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग की थी

पंजाब किंग्स ने लांच की नई जर्सी, प्रीति जिंटा रहीं मौजूद

पंजाब किंग्स ने लांच की नई जर्सी, प्रीति जिंटा रहीं मौजूद

द्मद्धड्डह्यद्मद्धड्डड्डह्लष्भद्ग = शनिवार, 16 मार्च 2024 9ः51 क्क्रू

ढ्ढक्क 2024 क्क्ष्ठ्ठद्धड्डड्ड्चद्बठ्ठद्दह्य द्यड्डह्वठ्ठष्द्धद्गस्र ठ्ठद्ग2 द्धद्गह्म्ह्यद्ग4 क्क्ष्द्गद्बह्ल4 द्बठ्ठह्लड्ड 2ड्डह्य श्वह्म्ह्यद्गठ्ठह्ल - ष्टह्वष्द्मद्गह्ल ह्लद्ग2ह्य द्बठ्ठ ॥द्बठ्ठस्रद्बचंडीगढ़। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण से पहले पंजाब किंग्स ने अपनी टीम की नई जर्सी को शनिवार को चंडीगढ़ के एलांते मॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में लांच किया। इस मौके पर पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन के साथ टीम की सह-मालिक प्रीति जिंटा मौजूद रही। इस मौके पर पंजाब किंग्स के कोचिंग स्टाफ के साथ टीम के अन्य सदस्यों भी मौजूद रहे। इस मौके पर ग्लैमर और मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए पंजाबी गायक और अभिनेता गिप्पी ग्रेवाल भी मौजूद रहे।

इस मौके पर पंजाब किंग्स की सह मालिक प्रीति जी जिंटा ने कहा हमने टीम नई जर्सी लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। नई जर्सी में शामिल नए रंग पंजाब की भावनाओं को दर्शातें। इस नई जर्सी में टीम के खिलाड़ी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। नई जर्सी के

आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 5 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। एलिसे पेरी के शानदार 66 रनों की पारी और श्रेयंका पाटिल (2-18) की प्रभावी गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने शुक्रवार को यहाँ अरुण जेटली स्टेडियम में मौजूदा चैपियन मुंबई इंडियंस को वीमिन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 में पाँच रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

रविवार को इसी मैदान पर होने वाले फाइनल में अब आरसीबी का मुकाबला अब दिल्ली कैपिटल्स से होगा। आठ चौकों और एक छक्के की मदद से एलिस की पारी से आरसीबी ने 20 ओवर में 135/6 का स्कोर बनाया। उन्होंने गेंद से रन-फ्लो को रोकने और यास्तिका भाटिया को आउट करने में भी अहम भूमिका निभाई। श्रेयंका अपने स्पेल में किफायती रहीं और 18वें ओवर में कप्तान हरमनप्रीत कौर को आउट कर 27,100 प्रशंसकों के सामने मैच को आरसीबी के पक्ष में झुका दिया।यास्तिका और हेली मैथ्यूज ने 136 रनों का पीछा करते हुए आपस में चार चौके लगाए। हालाँकि हेली मैथ्यूज श्रेयांका की गेंद पर सीधे डीप मिडविकेट पर स्लॉग-स्वीप खेलते हुए आउट हो गई। आरसीबी ने पावर-प्ले के बाकी समय में मुंबई को शांत रखा, हालांकि यास्तिका ने दो अच्छे समय पर ऑफ-साइड बाउंड्री लगाई। बाद में उन्हें नेट साइवर-ब्रंट का समर्थन मिला, जिन्होंने पैडल-स्वेप किया और दो चौके लगाए।एलिसे ने यास्तिका का लेग स्टंप उखाड़ कर उन्हें पैवेलियन की राह दिखाई। हरमनप्रीत डायमंड डक पर आउट हो सकती थीं यदि उनके बल्ले का एक छोटा सा हिस्सा लाइन से परे नहीं होता।

साइवर-ब्रंट ने जॉर्जिया वेयरहैम को दो चौके जड़े।हरमनप्रीत और अमेलिया केर को स्ट्राइक रोटेट कर संतोष करना पड़ा। साथ ही कप्तान ने एमआई को मैच में बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बाउंड्री लगाईं। उन्होंने कीपर के सिर के ऊपर से स्कूप करके और मिड-विकेट और मिड-ऑन के बीच के गैप में दो चौके लगाकर और बाउंड्री हासिल कीं।हरमनप्रीत को 18वें ओवर की शुरुआत में श्रेयंका की गेंद पर जीवनदान मिला जब ऋचा घोष स्टंपिंग करने से चूक गईं, लेकिन ऑफ स्पिनर ने अंतिम गेंद पर बल्लेबाज को लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट कराया।आखिरी 12 गेंदों पर 16 रनों की जरूरत थी। मुंबई पर दबाव था।

स्ट्रैच मार्क्स के निशान होंगे बिल्कुल गायब, बस इस्तेमाल करें ये 7 घरेलू नुस्खे

शरीर पर कोई भी निशान हो सारी खूबसूरती फीकी पड़ जाती है। खासकर स्ट्रैच मार्क्स के निशान ऐसे होते हैं जो देखने में भी बहुत ही खराब लगते हैं और बॉडी पर अलग ही तरह से दिखते हैं। यह निशान खासतौर पर हाथ, जांघ और पेट पर दिखाई देते हैं। इन स्ट्रैच मार्क्स से छुटकारा पाने के लिए महिलाएं कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी इस्तेमाल करती हैं फिर भी यह शरीर पर दिखते हैं। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनके जरिए आप इन निशानों से राहत पा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

हल्दी आएगी काम

हल्दी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स स्ट्रैच मार्क्स से राहत दिलवाने में मदद करेंगे। 2 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करके स्ट्रैच मार्क्स वाली जगह पर लगाएं। हल्के हाथों से बॉडी की मालिश करें। धीरे-धीरे बॉडी के स्ट्रैच मार्क्स ठीक होने लगेंगे।

आलू का रस

आलू का रस आप स्ट्रैच मार्क्स से छुटकारा पाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। आलू के रस में थोड़ी सी हल्दी मिलाएं। दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करके तैयार पेस्ट त्वचा पर लगाएं। सूखने के बाद त्वचा सादे पानी से धो लें। धीरे-धीरे समस्या से निजात मिलने लगेगी।

खीरा और नींबू का रस

खीरा का रस आपकी त्वचा को निखारने में मदद करेगा। वहीं नींबू में हीलिंग गुण पाए जाते हैं जो समस्या से छुटकारा दिलवाने में मदद करेंगे। 2 चम्मच खीरे का रस और 2 चम्मच नींबू का रस लें। दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करके स्ट्रैच मार्क्स वाली जगह पर लगाएं। 5-10 मिनट बाद गर्म पानी से धो लें। नियमित इस्तेमाल से समस्या से छुटकारा मिलेगा।

शुगर स्क्रब

शुगर स्क्रब का इस्तेमाल करके आप स्ट्रैच मार्क्स की समस्या से राहत पा सकते हैं। एक कप में चीनी लें और उसमें 1/4 कप बादाम का तेल, नारियल का तेल और नींबू का रस मिलाएं। सारी चीजों को मिक्स करके नहाने से पहले 10-12 मिनट के लिए स्ट्रैच मार्क्स वाली जगह पर रगड़ें। इससे समस्या से आपको निजात मिलेगी।

एलोवेरा

एलोवेरा में पाए जाने वाले हीलिंग गुण स्किन को सॉफ्ट बनाने में मदद करेंगे। फ्रे श एलोवेरा जेल आप स्ट्रैच मार्क्स पर 20-30 मिनट के लिए लगाएं। तय समय के बाद गर्म पानी से त्वचा धो लें। इससे धीरे-धीरे निशान ठीक होने लगेंगे।

नारियल तेल

कई शोधों में यह बात साबित हुई है कि नारियल का तेल त्वचा के घाव ठीक करने में मदद करता है। ऐसे में स्ट्रैच मार्क्स दूर करने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। रोजाना इस्तेमाल करने से निशान ठीक होने लगेंगे ।

टी ट्री ऑयल

टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल करके भी आप स्ट्रैच मार्क्स की समस्या से राहत पा सकते हैं। टी ट्री ऑयल में जैतून का तेल मिक्स करें। दोनों को अच्छे से मिक्स करके प्रभावित जगह पर लगाएं। नियमित इस्तेमाल करने से समस्या से राहत मिलेगी और स्ट्रैच मार्क्स हल्के होने लगेंगे।

नारियल की मलाई को ऐसे करें अपने ब्यूटी रूटीन में शामिल

नारियल की मलाई से आप अपनी स्किन को आसानी से मॉइश्चराइज कर सकते हैं। इसके लिए आप नारियल की मलाई लें और उसे अच्छी तरह मैश करें। अब आप अपनी स्किन को क्लीन करके इस मलाई लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। गर्मी के दिनों में हम सभी अपनी नारियल पानी का सेवन अवश्य करते हैं। लेकिन अक्सर नारियल पीने के बाद हम उसकी मलाई को ऐसे ही फेंक देते हैं। जबकि इसकी मदद से आप अपनी स्किन और बालों दोनों का ख्याल रख सकते हैं। नारियल की मलाई ना केवल आपकी स्किन को मॉइश्चराइज करती है, बल्कि स्कैल्प को कंडीशन करने के साथ-साथ रूसी से भी निजात दिलाती है। इसकी मदद से बालों की ग्रोथ को भी बूस्ट अप किया जा सकता है। अगर आप चाहें तो नारियल की मलाई को फेंकने की जगह उसे कई अलग-अलग तरीकों से अपने ब्यूटी रूटीन में शामिल कर सकते हैं और ब्यूटीफुल स्किन व हेयर पा सकते हैं-

स्किन को करें मॉइश्चराइज

नारियल की मलाई से आप अपनी स्किन को आसानी से मॉइश्चराइज कर सकते हैं। इसके लिए आप नारियल की मलाई लें और उसे अच्छी तरह मैश करें। अब आप अपनी स्किन को क्लीन करके इस मलाई लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। कुछ मिनटों के लिए इसे लगा रहने दें, फिर इसे गर्म पानी से धो लें। आप चाहें तो नारियल की मलाई में थोड़ा सा गुलाब जल भी मिक्स कर सकते हैं।

बनाएं फेस मास्क

अपनी स्किन को पैम्पर करने के लिए आप नारियल की मलाई से एक फेस मास्क भी तैयार कर सकते हैं। इसके लिए नारियल की मलाई लें और उसमें थोड़ी मात्रा में शहद मिक्स करें। अपने फेस को क्लीन करके इस मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं। करीबन 10-15 मिनट बाद अपने चेहरे को पानी की मदद से वॉश कर दें।

बालों को करें कंडीशन

नारियल की मलाई ना केवल आपकी स्किन को मॉइश्चराइज करती है, बल्कि इससे बालों को कंडीशन करने में भी मदद मिलती है। इसके लिए आप नारियल की मलाई को अच्छी तरह मैश कर लें और फिर इसे अपने बालों में लगाएं। इसे लगाने के बाद आप अपने बालों की हल्के हाथों से मसाज करें। इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर इसे शैम्पू और गर्म पानी से धो लें।

रूसी को कहें अलविदा

अगर आप रूसी से परेशान हैं तो ऐसे में नारियल की मलाई को बतौर स्कैल्प ट्रीटमेंट भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदों के साथ नारियल की मलाई मिक्स करें। अब आप इसे अपने स्कैल्प पर लगाएं और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, शैम्पू और गर्म पानी से इसे धो लें।

सिर्फ खाने में ही नहीं खूबसूरती बढ़ाने में भी काम आएगा कद्दू, ऐसे करें इस्तेमाल

कद्दू की सब्जी ऐसी है, जिसका नाम सुनते ही सारे मुंह बनाने लगते हैं। इसका स्वाद किसी को पसंद नहीं आता है। वहीं इसकी सब्जी बनाते हुए लोग बीज फे ंक देते हैं। शायद वो इस बात से अनजान हैं कि कद्दू के बीज के कई सारे ब्यूटी बेनेफि ट्स भी होते हैं। जी हां, बिल्कुल सही सुना आपने। आइए आपको बताते हैं कि कद्दू के बीज को ब्यूटी ट्रीटमेंट में कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं।

कद्दू फेस मास्क

कद्दू की प्यूरी में शहद और दूध की कुछ बूंदें मिलाकर एक फेस मास्क बना सकते हैं। स्किन रीजूविनेट करने में मदद करेगी। कद्दू एंजाइम और अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड (एएचए) से भरपूर होता है, जो स्किन को एक्सफोलिएट करता है, इससे त्वचा में निखार आता है। ये मास्क लगाने से पहले चेहरे को साफ कर लें और फिर इसे 15-20 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें।

कद्दू बॉडी स्क्रब

कद्दू को बॉडी स्क्रब के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कद्दू की प्यूरी में ब्राउन शुगर और जैतून के तेल को मिलाकर बॉडी स्क्रब के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। ब्राउन शुगर और कद्दू मिलकर अपने नेचुरल एंजाइम्स के साथ त्वचा को धीरे से एक्सफोलिएट करते हैं। जैतून का तेल को गहराई से मॉइश्चराइज करता है, जिससे स्किन सॉफ्ट और स्मूद हो जाती है।

कद्दू हेयर मास्क

ड्राई और डैमेज बालों से छुटकारा पाने के लिए महंगे ट्रीटमेंट लेने के बजाए कद्दू का हेयर मास्क लगाएं। गजब का फायदा मिलेगा और बाल जड़ से स्ट्रांग होंगे। इसके लिए बस कद्दू की प्यूरी को दही और 1 चम्मच नारियल तेल में मिला लें। कद्दू विटामिन ए और सी से भरपूर होता है, जो बालों के विकास में मददगार है। इससे बाल जल्दी बड़े होते हैं। वहीं दही में मौजूद प्रोटीन और नारियल तेल बालों की स्थिति को ठीक करता है। गीले बालों पर इस मास्क को लगाएं, 30 मिनट के लिए इसे लगा छोड़ दें। फिर शैंपू और कंडीशन करें।

पाचन रहेगा स्वस्थ इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

जानें नाश्ते में दही खाने के अनगिनत फायदे

कुछ लोग नाश्ते में रोज दही का सेवन करते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर दही नाश्ते में खाना बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें विटामिन, कैल्शियम, प्रोटीन, मिनरल्स, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और फोलिक एसिड मौजूद होता है। यह सारे पोषक तत्व सेहत को ढेरों फायदे देने में मदद करते हैं। सुबह नाश्ते में इसका सेवन करने से शरीर को एनर्जी मिलती है। दही में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं जो आंत में गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं। नाश्ते में दही खाने से और भी ढेरों फायदे मिलते हैं। तो आइए जानते हैं।

पाचन रहेगा स्वस्थ

दही में पाए जाने वाले गुण पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से दस्त, कब्ज जैसी समस्याओं से भी बचाव होता है। इसके अलावा दही में विटामिन-बी12 और लैक्टोबेसिल्स बैक्टीरिया पाया जाता है जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया के विकास में मदद करता है। दही का सेवन करने से पाचन क्रिया बेहतर होती है और पाचन संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलती है। यदि आपका पाचन तंत्र कमजोर है तो नाश्ते में दही का सेवन जरुर करें।

हड्डियां बनेगी मजबूत

नाश्ते में दही खाने से हड्डियां मजबूत बनती हैं। दही में कैल्शियम, प्रोटीन और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। रोजाना नाश्ते में दही का सेवन करने से अर्थराइटिस और हड्डियों से जुड़ी समस्याओं में लाभ होता है।

इम्यूनिटी बनेगी मजबूत

नाश्ते में दही का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इसमें विटामिन-सी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है ऐसे में यह इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करता है। दही का सेवन करने से आप कई तरह की बीमारियों और इंफे क्शन से भी दूर रहेंगे।

वजन कम करने में मिलेगी मदद

दही में प्रोटीन और कैल्शियम अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं ऐसे में यह वजन घटाने में मदद करता है। दही में पाए जाने वाले गुण शरीर में कार्टिसोल हार्मोन को कम करते हैं जिससे तनाव कम होता है और वजन कम करने में भी मदद मिलती है। दही में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं जो पाचन को बेहतर बनाते हैं और मेटाबॉल्जिम को बूस्ट करने में मदद करते हैं। नाश्ते में दही खाने से शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट को रोकने में भी मदद मिलती है।

हाई बीपी रहेगा कंट्रोल

यदि आपका बीपी बढ़ता है तो भी आपके लिए दही का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें मैग्नीशियम पाया जाता है जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करता है। दही शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम करता है जिससे दिल संबंधी बीमारियों का जोखिम भी कम होता है।

नोट: सुबह नाश्ते में दही का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि खाली पेट दही न खाएं नहीं तो एसिडिटी की समस्या बढ़ सकती है।

इसमें विटामिन, कैल्शियम, प्रोटीन, मिनरल्स, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और फोलिक एसिड मौजूद होता है। यह सारे पोषक तत्व सेहत को ढेरों फायदे देने में मदद करते हैं। सुबह नाश्ते में इसका सेवन करने से शरीर को एनर्जी मिलती है। दही में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं जो आंत में गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं। नाश्ते में दही खाने से और भी ढेरों फायदे मिलते हैं। तो आइए जानते हैं। आपका बीपी बढ़ता है तो भी आपके लिए दही का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें मैग्नीशियम पाया जाता है जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करता है.....

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

आ गया लोकतंत्र

ने कहा कि मुझे लोगों, विशेषकर गरीबों, हमारे किसानों, युवा और नारी शक्ति के आशीर्वाद से बहुत ताकत मिलती है। जब वे कहते हैं मैं हूं मोदी का परिवारश, तो यह मुझे खुशी से भर देता है और मुझे एक विकसित भारत बनाने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। यह इसे साकार करने का युग है और हम मिलकर ऐसा करेंगे! यही समय सही समय है!

यूपी की चार

जिसके चलते यह सीट खाली हुई थी।ददरौल विधानसभा सीट के लिए 18 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा। इसके बाद 25 अप्रैल तक नामांकन होगा। और फिर 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होने के बाद 29 मार्च को नाम वापस लिए जाएंगे। ददरौली में 13 मई को चौथे चरण की वोटिंग के दौरान वोट डाले जाएंगे।उत्तर प्रदेश की लखनऊ पूर्व सीट पर 26 मार्च से लेकर 3 मई तक नामांकन होगा। और 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच होने के बाद 6 मई को नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस सीट पर 20 मई को पांचवें चरण के दौरान वोट डाले जाएंगे। उत्तर प्रदेश की गैसड़ी विधानसभा सीट पर छठवें चरण के दौरान 29 अप्रैल से छह मई तक नामांकन होगा। इसके बाद 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और फिर 9 मई को नाम वापस लिए जा सकेंगे।उसके बाद इस सीट पर 25 मई को वोटिंग होगी। वही उत्तर प्रदेश की दुद्धी विधानसभा सीट पर सातवें चरण में उपचुनाव होगा। इस सीट पर 7 मई से 14 मई तक नामांकन होगा। इसके बाद 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 17 मई को नाम वापस लिए जा सकेंगे।और इस सीट पर 1 जून को अंतिम चरण की वोटिंग के दौरान वोट डाले जाएंगे। उत्तर प्रदेश की लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार आशुतोष टंडन उर्फगोपाल ने चुनाव जीता था। वही आशुतोष टंडन कैंसर की बीमारी से लंबे समय तक पुलिस है जिसके बाद उनका निधन हो गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के अनुराग भदौरिया को 68731 वोटों के मार्जिन से हराया। उत्तर प्रदेश के दुद्धी विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार रामदुलार गोंड ने चुनाव जीता था। वही रामदुलारे को रेप केस के चलते न्यायालय ने 25 साल की सजा सुना दी थी। जिसके चलते यह सीट कई वक्त से खाली चल रही थी। रामदुलार गोंड ने समाजवादी पार्टी के विजय सिंह गौड़ को 6297 वोटों के मार्जिन से हराया था। उत्तर प्रदेश की ददरौल विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार मानवेंद्र सिंह ने चुनाव जीता था। मानवेंद्र सिंह के निधन के चलते यह भी सीट काफी वक्त से खाली चल रही थी। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राजेश कुमार वर्मा को 9701 वोटों के मार्जिन से हराया था। उत्तर प्रदेश की गैसड़ी विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के उम्मीदवार शिव प्रताप यादव ने यहां से चुनाव जीता था। इसी साल जनवरी में उनकी मौत के कारण ये सीट खाली चल रही थी। शिव प्रताप ने बीजेपी के 2022 में समाजवादी पार्टी से डॉ. यादव ने भारतीय जनता पार्टी के शैलेश कुमार सिंह को 5837 वोटों के मार्जिन से हराया था।

यूपी में सात

की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। द्वितीय चरण में 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। तृतीय चरण के निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 12.04.2024 को जारी होगी अर्थात् दिनांक 12.04.2024 से तृतीय चरण की नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। तृतीय चरण में 10 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। चतुर्थ चरण के निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 18.04.2024 को जारी होगी अर्थात् दिनांक 18.04.2024 से चतुर्थ चरण की नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। चतुर्थ चरण में 13 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। पंचम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 26.04.2024 को जारी होगी अर्थात् दिनांक 26.04.2024 से पंचम चरण की नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। पंचम चरण में 14 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। षष्ठम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 29.04.2024 को जारी होगी अर्थात् दिनांक 29.04.2024 से षष्ठम चरण की नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। षष्ठम चरण में 14 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। सप्तम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक 07.05.2024 को जारी होगी अर्थात् दिनांक 07.05.2024 से सप्तम चरण की नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। सप्तम चरण में 13 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। प्रदेश के 80 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 67 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में जिलाधिकारी, 12 लोक सभा क्षेत्रों में मुख्य विकास अधिकारी तथा 01 लोक सभा क्षेत्र में उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, रिटर्निंग आफिसर अधिसूचित हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 15.34 करोड़ है, जिसमें 8.17 करो? पुरूष, 7.17 करोड़ महिला, 6,638 तृतीय लिंग तथा 12,51,827 दिव्यांग मतदाता हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल पोलिंग स्टेशन लोकेशन की संख्या 92,587 एवं मतदेय स्थल की संख्या 1,62,041(1,62,012 मूल तथा 29 सहायक मतदेय स्थल) है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित टीमें यथा Flying Squad,

Video Surveillance Team, Video Viewing Team जनपदों में क्रियाशील हो गयी हैं। प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्नस्ज्ञ की कम से कम 03 टीमें क्रियाशील रहेंगी।

C-Vigil एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतें फोटो/वीडियो टैग कर की जा सकती है। शिकायतों हेतु हत्रक्र-क्क्षहह्लड्डद्य एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का भी प्रयोग किया जा सकता है। प्रत्याशी एवं राजनैतिक दलों द्वारा आयोजित की जाने वाली सभाओं/जुलूसों आदि के परमीशन के लिए Suvidha App उपलब्ध है। इसके साथ-साथ Suvidha App के माध्यम से आनलाइन नामांकन भी किया जा सकता है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरान्त किसी भी मतदाता के नाम विलोपन की कार्यवाही नहीं की जाएगी। आदर्श आचार संहिता लागू होने की तिथि तक विलोपन हेतु प्राप्त फार्म-7 पर संबंधित ई0आर0ओ0 द्वारा निर्णय लिया जाएगा। ऐसे मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है वे मतदाता नाम परिवर्धन की कार्यवाही हेतु voter.eci.gov.in पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी आनलाइन फार्म भरकर नाम परिवर्धित कराये जाने की कार्यवाही की जा सकती है। नाम परिवर्धन की कार्यवाही नामांकन की अन्तिम तिथि तक की जा सकती है। voter.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से मतदाता द्वारा एपिक क्रमांक डालकर अपने मतदेय स्थल एवं क्रम संख्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अब तक लगभग 54 लाख मतदाता पहचान पत्र पोस्ट आफिस के माध्यम से मतदाताओं को उपलब्ध करा दिये गये हैं तथा मतदान से पूर्व समस्त शेष मतदाताओं को भी मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध करा दिये जायेंगें। टोल फ्री नम्बर 1950 के माध्यम से भी मतदाता द्वारा अपने मतदेय स्थल एवं नाम परिवर्धन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। समस्त विधान सभा क्षेत्रों में Dedicated AERO नियुक्त किये गये हैं, जो अपने विधान सभा क्षेत्र में स्थित समस्त स्कूल/कालेज/महाविद्यालय में ELCs को सक्रिय करके उनके माध्यम से SVEEP गतिविधियों का पर्यवेक्षण करते हैं। अभियान रुमैं हूँ ना !! संचालित है, जिसके द्वारा प्रत्येक अर्ह व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकता है, यदि उसका नाम मतदाता सूची में नहीं है तो फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं। मा0 आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु उनके पते पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं द्वारा अपने मतदेय स्थल पर सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। मा0 आयोग द्वारा मतदेय स्थलों पर मतदाताओं हेतु सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के क्रम में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मतदेय स्थलों पर पेयजल, शौचालय, रैम्प, बिजली, फर्नीचर इत्यादि की सुविधा जनपदों द्वारा पूर्ण कर ली गयी है। प्रदेश में 366 मतदेय स्थल युवाओं द्वारा, 615 मतदेय स्थल महिलाओं द्वारा, 302 मतदेय स्थल दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित किये जा रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

मुख्य सचिव ने एस आर ग्रुप में 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी' पर छात्रों को दिया व्याख्यान

एमबीए विभाग के 500 बच्चों ने मुख्य सचिव के दिए गए सुझाव को ध्यान से सुना

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बख्शी तालाब स्थित एस आर ग्रुप में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी पर छात्रों को व्याख्यान दिया। उत्तर प्रदेश सरकार की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर कैसे की जा सकती है, जिस पर इंजीनियरिंग के इलेक्ट्रिकल,मैकेनिकल,सिविल, इलेक्ट्रॉनिक ,कंप्यूटर साइंस, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, आयुष, एमबीए विभाग के 500 बच्चों ने उनके द्वारा दिए गए सुझाव को बहुत ध्यान से सुना। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12.50 लाख करोड़ रुपए थी। वर्ष 2017 में चरणबद्ध तरीके से व्यापार को ईज ऑफ डूइंग बनाकर 25.50 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था बनाई गई। वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को डॉलर 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है, जो की 82 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था होगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री के 15 अगस्त, 2022 के भाषण का संदर्भ लेते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकोनामी बनाने के लिए चरणबाद तरीके से हम सभी को अपना-अपना योगदान करना होगा। मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, इन्फ्रास्ट्रक्चर, सर्विसेज जैसी सुविधायें सर्वश्रेष्ठ बनाने पर ही अपने राज्य को हम देश में उत्तम प्रदेश बनाने की तरफ अग्रसर हो पाएंगे।

अभी सार्थक प्रयासों से उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में तमिलनाडु के बाद द्वितीय स्थान प्राप्त कर लिया है। आने वाले समय में अर्थव्यवस्था के बढ़ने पर लगभग 1.2 करोड़ रोजगार का सृजन होगा। एस आर परिवार द्वारा बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए मुख्य सचिव का आभार व्यक्त किया गया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में जनप्रतिनिधिगण, एस आर ग्रुप के पदाधिकारीगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण व सैकड़ो छात्र आदि उपस्थित रहे।

विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ राष्ट्रहित में करें वोट : कौशल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

मोहनलालगंज लोकसभा में एक-एक रूपये इकट्ठा कर जनता करेगी कौशल किशोर का नामांकन

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों का एलान कर दिया गया है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा जबकि लोकसभा मोहनलालगंज, लखनऊ सहित आसपास के जिलों में 20 मई को वोटिंग होगी। मोहनलालगंज लोकसभा से तीसरी बार भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने चुनाव आयोग का स्वागत करते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग और आचार संहिता का पूरा पालन करते हुए प्रचार प्रसार के लिए जनता के बीच जायेंगे।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल भाजपा को जिताने का नही बल्कि देश को विश्व में नंबर 1 बनाने का विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाने का चुनाव है। जनता का आशीर्वाद मोदी के साथ है, उनके द्वारा लोकसभा मोहनलालगंज के अंतर्गत सभी विधानसभाओं में निकाली जा रही फिर एक बार मोदी सरकार जन आशीर्वाद यात्रा में जन सैलाब उमड़ रहा है और जनता का आशीर्वाद मोदी के साथ भरपूर रूप से है इसीलिए अबकी बार 400 पार, यह भारतीय जनता पार्टी का नहीं यह जनता का नारा है और जनता का संकल्प है। कौशल किशोर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में एससी-एसटी समाज, पिछड़े, वंचित, किसान, मजदूर, रेहड़ी पटरी दुकानदार, व्यापारी, युवा, महिलाएं समेत हर वर्ग हर समाज के गरीब लोगों को सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है और बिना किसी भेदभाव के सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है इसलिए जनता का आशीर्वाद मोदी के साथ है और जनता फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए उत्साहित है। लोकसभा मोहनलालगंज से उन्हें भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से टिकट मिलने के बाद से ही उन्होंने अपनी प्रत्याशिता जनता को सौंप दी है और अब मोहनलालगंज लोकसभा का एक-एक जिम्मेदार नागरिक भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है, उन्होंने कहा कि जनता इस बार मोहनलालगंज लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के पर्चा दाखिला में नॉमिनेशन फीस भी स्वयं दे रही है जिसके लिए जनता के द्वारा एक-एक रूपया इकट्ठा किया जा रहा है इस तरह से 10000 लोगों द्वारा 1-1 रूपया इकट्ठा किए पैसों से कौशल किशोर अपना नामांकन करेंगे। 20 मई को मोहनलालगंज लोकसभा का एक-एक जिम्मेदार नागरिक अपने बूथ पर जाकर कमल के फूल पर वोट करेगा और विकसित भारत बनाने के लिए राष्ट्रहित में अपना योगदान देगा।

उपभोक्ताओं ने बताई समस्याएं

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● **साप्ताहिक वेबीनार का आयोजन**

लखनऊ। उपभोक्ता परिषद ने अपने साप्ताहिक वेबीनार में प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को उनके कर्तव्य एवं उनके अधिकारों से विस्तार से अवगत कराया। उपभोक्ता परिषद ने वेबीनार में शामिल बिजली उपभोक्ताओं को विश्वास दिलाया कि अगर नियामक आयोग के कानून के अनुसार अगर उपभोक्ता को न्याय नही मिलता तो इसकी लड़ाई उपभोक्ता परिषद लड़ेगा। उपभोक्ता परिषद द्वारा प्रत्येक सप्ताह चलाई जाने वाले प्रादेशिक साप्ताहिक वेबीनार में आज बडी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं बताई। परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जुडे सभी बिजली कंपनियों के विद्युत उपभोक्ताओं को जागरुक करते कनेक्शन लेने संबंधी मीटर बदलने संबंधी मुआवजा लेने संबंधी अस्थाई संयोजन संबंधी भार बढाने संबंधी विद्युत आपूर्ति संबंधी कानून नियमों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि सभी उपभोक्ता जागरूक होकर विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए विद्युत वितरण संगीता 2005 कॉस्ट डाटा बुक व समय-समय पर जारी नियमों विनियमों की जानकारी के आधार पर अपनी बात को रखेंगे तो निश्चित तौर पर उसका समाधान होगा। यदि किसी स्तर पर समाधान में व्यवधान उत्पन्न होता है तो उपभोक्ता परिषद आपकी लडाई को आगे बढाएगा। आपकी समस्या का समाधान होने तक आपकी मदद करेगा। जरूरत पडने पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व बिजली कंपनियों के प्रबंधन से भी आपकी समस्याओं पर बात करेगा। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने अपने उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि जब भी आप अपनी समस्या को बिजली कंपनियों के सामने रखें तो सबसे पहले नियमों कानून की बारीकियां के आधार पर अपनी बात को रखें। बाराबंकी से जुडे एक विद्युत उपभोक्ता ने बताया कि उसे एक परिसर पर दो कनेक्शन नहीं मिलेगा कहकर कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। इस पर उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने तुरंत जानकारी देते हुए कहा अगर आपकी वायरिंग अलग-अलग है। एक परिसर पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन मिलने का कानून बन चुका है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए कानून के तहत वायरिंग अलग होने पर एक परिसर पर एक से अधिक कनेक्शन दिया जा सकता है। शर्त यह है कि परिसर पर कोई बकाया नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार से परिषद अध्यक्ष ने एक अन्य उपभोक्ता के सवाल के जबाब पर कहा कि कोई भी विद्युत उपभोक्ता अपने परिसर के आशिक भाग में अपने लिए हुए बिजली कनेक्शन से अस्थाई संयोजन बिना लिए निर्माण कार्य कर सकता है। ऐसा विद्युत नियामक आयोग द्वारा टैरिफ आदेश में व्यवस्था है। शर्त यह है कि उपभोक्ता अपने लिए गए संयोजित भार की परिधि में रहे।

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्नातक समारोह

लखनऊ, चसं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्नातक समारोह हलवासिया कोर्ट हजरतगंज लखनऊ में आयोजित किया गया। स्नोई आउल ने तितली (प्रारंभिक बचपन प्रशिक्षण संस्थान) के सहयोग सेप्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा पर आधारित 10 दिवसीयकार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उद्योगकी मांगों और कौशल आवश्यकता के बीच अंतर को पाटने के लिए प्रमुख अवधारणाओं को अंतर्दृष्टि प्रदान करने और समझने के लिए डिजाइनकिया गया था। स्नातक समारोह का अवसर स्कूल प्रबंधक सुधीर एस हलवासिया औरहमारी प्रधान निदेशक बी. सिंह की सम्मानित उपस्थिति में हुआ, जिसमें स्नोई आउल की संस्थापक श्वेता खन्ना और तितली केनिदेशक प्रांजल मोदी भी संसाधन के साथ शामिल हुए। साथ मेंसंसाधन विशेषज्ञ केतकी मोदी भी शामिल हुई। यह अवसर दीप प्रज्ज्वलन से जगमगा उठा, जो सच्चे ज्ञान का एकप्रतीकात्मक संकेत था। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था और प्रारंभिक बचपन के संरक्षकों के लिए उनकी अवधारणाओं औरकौशल को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संक्षिप्त दृष्टिकोण ने प्राथमिक शिक्षकों को प्रोत्साहित करने औरमार्गदर्शन करने के लिए कार्यक्रम ज्ञानवर्धक सत्र और गतिविधियों काएक सेट बनाया।

शिक्षकों को प्रोत्साहित करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिएप्रमाणपत्रों के वितरण के साथ इस अवसर का बहुत महत्व है। भारत में सीखने को बदलने में ज्ज्स्प् बचपन के शिक्षकों और देखभालकरने वालों के लिए एक सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान है, जिसके लिएवे सरकार द्वारा अनुमोदित प्रमाणपत्र प्रदान कर रहे हैं, प्रमाणन भागीदार (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) है। यह कार्यक्रम आवश्यक नई दक्षताएँ प्राप्त करने के साथ-साथ पूर्व ज्ञानको एकीकृत करता है।

देश-विदेश डायरी

ब्रिटिश शाही परिवार में दरार!

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की रॉयल फैमिली के राजकुमार प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन इन दिनों काफी सुर्खियों में है। दरअसल, पहले केट मिडलटन अपनी बीमारी के कारण चर्चा में थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि उनके पति प्रिंस विलियम का किसी और के साथ अफेयर चल रहा है। दरअसल, हाल ही में केट की एक तस्वीर वायरल हो रही थी, जिसमें उन्हें लापता बताया जा रहा था, हालांकि बाद में बताया गया कि वह फोटो एडिट की गई थी। इसी बीच, एक्स्ट्रा अफेयर की खबर को लेकर बात उठने लगी है कि प्रिंस के अफेयर के कारण ही केट शाही परिवार के साथ नजर नहीं आ रही है। सुर्खियों में रहने वाले प्रिंस विलियम का अफेयर लेडी सारा रोज हैनबरी के साथ बताया जा रहा है। हैनबरी का शाही परिवार से काफी करीबी रिश्ता है, क्योंकि वह प्रिस विलियम की पत्नी केट की सबसे अच्छी दोस्तों में से एक है। लेडी सारा रोज हैनबरी डेविड चोलमोंडेली की पत्नी हैं, जो चोलमोंडेली के 7वें मार्क्वेस है। ऐसा पहली बार नहीं है जब प्रिंस और हैनबरी के अफेयर की खबर सामने आई है। साल 2019 में भी इन दोनों की अफेयर की खबर सुर्खियों में थी। उस दौरान बताया गया था कि प्रिंस विलियम ने हैनबरी के साथ अपना वेलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया था। केट मिडलटन के सार्वजनिक न होने पर लगातार उड़ने वाली अफवाहों के बीच केंसिंग्टन पैलेस ने एक बयान जारी किया है, जिसमें बताया है कि केट पेट की सर्जरी से उबर रही हैं, इसलिए वह अभी बाहर नहीं निकल रही हैं। केट मिडलटन और प्रिंस विलियम की शादी 2011 में हुई थी। इनके तीन बच्चे- प्रिंस जॉर्ज, प्रिंसेस चार्लोट और प्रिंस लुइस हैं। बताया जा रहा है, कि इनका परिवार केंसिंग्टन पैलेस में रहता है। पिछले साल, हैनबरी ने किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में भाग लिया था, लेकिन केट के साथ उनकी कोई तस्वीर सामने नहीं आई थी, जिससे खबरों को और तेजी मिल गई थी। इसके बाद बीच में प्रिंस विलियम और उनके तीनों बच्चों के साथ केट की तस्वीर सामने आई थी, लेकिन उसे एडिट फोटो बताया जा रहा था। उस तस्वीर में केट ने शादी की अंगूठी नहीं पहनी थी।

एमनेस्टी ने पाकिस्तान से 'एक्स' बहाल करने का किया अनुरोध

इस्लामाबाद, एजेंसी। मानवाधिकार संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार से आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद 17 फरवरी से देश में बंद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को तत्काल बहाल करने का अनुरोध किया है। ब्रिटेन में स्थित संस्था ने 'एक्स' पर पाकिस्तानी अधिकारियों से देश की अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार प्रतिबद्धताओं के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व सूचना तक पहुंच के अधिकारों को बनाए रखने का आग्रह किया। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा कि वह उन 28 नागरिक समाज संगठनों में से एक है, जिन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को तत्काल बहाल करने के लिए एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है, पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) की चुप्पी बेहद चिंताजनक है क्योंकि वह अपने फैसले का कारण बताने में विफल रहा है। आठ फरवरी को, एमनेस्टी इंटरनेशनल ने देश में आम चुनाव के दौरान पूरे दिन मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित करने के पाकिस्तान के फैसले को ष्अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व शांतिपूर्ण सभा के अधिकारों पर हमला बताया था। न तो पिछली कार्यवाहक सरकार और न ही नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफके प्रशासन ने यह बताया है कि देश में इतनी लंबी अवधि के लिए 'एक्स' पर पाबंदी क्यों लगाई गई है।

इमरान ने चुनाव धांधली पर निकाली भड़ास

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने 2024 के आम चुनावों की आलोचना करते हुए भविष्यवाणी की है कि पाकिस्तान में श्रीलंका जैसी स्थिति होगी क्योंकि देश की उम्मीदें चकनाचूर हो गई। जियो न्यूज ने बताया कि रावलपिंडी की अदियाला जेल में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान इमरान खान ने कहा, मेरी सभी भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं। उन्होंने आगे दोहराया कि वह किसी सौदे पर पहुंचने के लिए मौजूदा शासकों के साथ बातचीत में शामिल नहीं हो रहे हैं।

यहियागंज उद्योग व्यापार मण्डल की हुई बैठक, पुलिस अधिकारी रहे मौजूद

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। यहियागंज उद्योग व्यापार मण्डल की एक बैठक एडीसीपी पश्चिम के साथ किराना भवन सुभाष मार्ग पर अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन संसदीय महामंत्री प्रशान्त गर्ग ने किया। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि यहियागंज बाजार शहर की सबसे पुरानी एवं घनी थोक बाजार है। त्यौहारों में भीड़-भाड़ अधिक होने का टप्पेबाज फायदा उढ़ाते है। टप्पेबाज एवं छिनैती की घटना बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस की मुस्तैदी जरूरी होती है। इसके साथ जाम की समस्या बहुत बड़ी है। रकाबगंज पुल पर रेलवे लाइन किनारे लगे ठेले खुमचे को कई बार हटाया गया। फिर भी कुछ दिन बाद वह जहां के तहां हो जाते है। सुभाष मार्ग पर दिन भर इधर उधर लावारिस की तरीके से वाहन खड़े रहते है जिन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। बाजार में केवल लोडिंग अन लोडिंग के समय ही वाहन खड़े हो बाकी पार्किग में खड़े करें। बाजार में पुलिस गस्त बढ़ायी जाय सिविल वर्दी में पुलिस तैनाती की जाय। जिससे रेकी करने वाले लोगों पर नजर रख सके। सिटी स्टेस्शन तिराहा, रकाबगंज पुल, शास्त्री नगर ठाल, नक्खास चौराहे पर ट्राफिक पुलिस की तैनाती की जाय। ताकि जाम की समस्या से निदान मिल दिला सके। एडीसीपी पश्चिम के द्वारा सभी समस्यों को ध्यान पूर्वक सुना और कहा कि हमारी प्राथमिकता है। आम नागरिक की सुरक्षा एवं प्रदान करना है। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र वरिष्ठ महामंत्री नीरज गुप्ता संसदीय महामंत्री प्रशान्त गर्ग, महामंत्री नरेश कुमार, अनस समशी, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, विनय गुप्ता, युवा अध्यक्ष कुश मिश्र, युवा वरिष्ठ महामंत्री समीर जैन,किराना कमेटी के अध्यक्ष रामशंकर अवस्थी, राजेन्द्र अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, धीरेन्द्र कुमार अवस्थी, अरविन्द दीक्षित, रतन चौरसिया, सुशील जायसवाल, सन्तोष राठौर, हर्षित जायसवाल, मो. रिजवान रईनी,सिद्धार्थ दीक्षित,कृष्ण गोपाल अग्रवाल, अतुल कुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विभू अग्रवाल, वैभव जैन, सनी लालवानी, जितेन्द्र सुमानी, विशाल गुप्ता पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद एक्टिव हुए जिलाधिकारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने जिले में आदर्श आचार संहिता लागू करने के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज से भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आचार संहिता लागू कर दी गई है। सभी विभाग अपनी अपनी टीमों के साथ निकले और दिन रात अभियान चला कर जनपद में जितने भी चुनाव प्रचार सामग्री है, पोस्टर, बैनर व होर्डिंग सभी को तुरन्त हटाने का कार्य करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि हमे सबसे ज्यादा डेफोर्समेंट और इंफोर्समेंट पर ध्यान देना है। डीएम के निर्देशों के बाद जिला प्रशांसन, पुलिस व नगर निगम की टीम ने मिल कर जिले में प्रचार सामग्री को हटाया। दिए गए निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद में जो भी सरकारी योजनाओं और राजनैतिक दलों के होर्डिंग, बैनर, पोस्टर या वाल पेंटिंग है उसको तुरन्त हटवाया जाए। साथ ही पेट्रोल पम्पों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर जो सरकारी योजनाओं के होर्डिंग लगे है उनको भी 1-2 घण्टे का समय देकर तुरन्त हटवाया जाए। झंडे और बैनर की दुकानों के सम्बंध में निर्देश दिया गया कि ऐसी दुकानों के मालिक चुनाव सामग्री को अपनी दुकानों के अंदर रखे अगर कोई भी सामग्री बाहर दिखी तो इसे आचार संहिता का उलंघन माना जाएगा और कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सोमवार सुबह तक रात दिन अभियान चला कर सभी कार्यो को पूरा किया जाए। जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी विभागों की टीमों को अभियान के लिए रवाना किया और निर्देश दिया कि किसी भी कार्य मे कोई शिथिलता नही बरती जानी चाहिए।

रालोद ने ज्वाइनिंग कमेटी

लखनऊ, चसं। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने राष्ट्रीय लोकदल की तीन सदस्यीय ज्वानिंग कमेटी गठित की है। यह कमेटी विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से आये हुये पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय लोकदल में शामिल कराते हुये जॉइनिंग प्रक्रिया को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सम्पन्न करेगी।राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान ने बताया कि कमेटी में प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर,महासचिव रजनीकांत मिश्रा और अम्बुज पटेल शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने मयंक त्रिवेदी को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

आवश्यकता

आवश्यकता है ऐसे डी.टी.पी. ऑपरेटर की, जो समाचार पत्र, पत्रिका के पेज बनाने, फोटोशॉप में काम करने तथा कम्प्यूटर में पारंगत हो, वेतन-योग्यतानुसार।

सम्पर्क करें :- 9335322739, 8881992262

उमा इन्फ्राटेक

लखनऊ में कामर्शियल/रेजीडेन्शियल भवन, भूखण्ड, फ्री होल्ड प्लॉट, एग्रीकल्चर जमीन खरीदने एवं बेचने के लिए सम्पर्क करें।

ऑफिस पता-डी-206-सी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

मो.-8604000050, 9415007197